# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 310 । भोपाल, गुरुवार 9 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



गंदगी मिलने पर मिठाई की दुकान सील पृष्ठ 2

■ विश्व स्तर भर में डॉक्टरों के अनुसार प्रतिदिन छह घंटे का काम सर्वोत्तम विकल्प पृष्ठ 4

■ रिहायशी इलाके में अवैध रखे पटाखे जप्त, प्रकरण दर्ज पृष्ठ 6

कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू पृष्ठ 8


प्रधानमंत्री ने गुना और मुरैना की चुनावी रैलियों में विपक्ष पर बोला हमला, कहा-

## कांग्रेस के मॉडल में सड़क,पानी, रोजगार और गरीब लापता थे



**गुना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में विकास का जो मॉडल विकसित किया था, वो था लापता मॉडल। बिजली–लापता, सडक़–लापता, पानी–लापता, रोजगार–लापता, गरीबों का घर लापता। कांग्रेस के लापता मॉडल में विकास भी लापता था। कांग्रेस राज में नौजवानों के भविष्य लापता था। कांग्रेस राज में किसानों का कल्याण लापता था।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को गुना के दशहरा मैदान में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। आमसभा में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के अलावा सांसद केपी यादव एवं रोडमल नागर के अलावा गुना के अलावा अशोकनगर एवं शिवपुरी की सभी विधानसभाओं के प्रत्याशी शामिल हुए।

उन्होंने कहा है कि जहां–जहां कांग्रेस सरकार होती है, वहां वो हर योजना में रोड़े अटकाती है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब मप्र की भाजपा सरकार के साथ भेदभाव किया जाता था, लेकिन 2014 में आपने हमें चुना। मोदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश के विकास ने तेजी पकड़ी है। उन्होंने कहा जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तो उस समय देश में मोबाइल फोन बनाने वाली सिर्फ 2 फैक्ट्रियां थी, लेकिन आज मोबाइल बनाने वाली 2 सौ फैक्ट्रियां हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के प्रोत्साहन से अन्न उत्पादन का रिकॉर्ड बना और हमने किसानों से रिकॉर्ड खरीद भी की। इस साल केंद्र ने 55 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सीधे किसानों के खातों में भेजे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में मध्यप्रदेश की 80 लाख से अधिक बहनों को ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### नीतीश पर भी बोला हमला

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के संदर्भ में की गई टिप्पणी की आलोचना करते हुए उनके साथ इंडिया गठबंधन पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता, जो इनका झंडा लेकर घूम रहे हैं, उस नेता ने विधानसभा में माताओं–बहनों की उपस्थिति में ऐसी भद्दी भाषा में बातें की जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इंडिया गठबंधन के एक भी नेता ने माताओं–बहनों के इतने भयंकर अपमान पर एक शब्द भी नहीं बोला।

### चंबल अंचल पूरे विश्वास के साथ मेरे साथ खड़ा रहा है

**मुरैना, देशबन्धु।** चंबल ने सदैव भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। जब– जब भाजपा के लिए आपका समर्थन मांगा, आपने साथ दिया। मध्यप्रदेश सहित चंबल अंचल पूरे विश्वास के साथ मेरा साथ खड़ा है। यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मुरैना के पुलिस परेड मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंबल व मध्यप्रदेश वासियों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उससे वह दिन रात काम करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में मध्यप्रदेश में चहुंओर विकास हुआ। उन्होंने बिना नाम लिए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस समय चुनाव चल रहे हैं, लेकिन वे दोनों आपस में ही कपड़े फाड़ने में लगे हुए हैं। यही दो चेहरे हैं, जिन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को चलाया। मध्यप्रदेश का नौजवान आज कह रहा है कि कांग्रेस सरकारों ने हमारे माता–पिता के लिए कुछ नहीं किया।

इससे पूर्व केन्द्रीय मंत्री व दिमनी से भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह तोमर ने भी सभा को संबोधित किया। नरेन्द्र सिंह के सभा को संबोधन के दौरान ही प्रधानमंत्री का आगमन हो गया, इसलिए श्री तोमर ने अपना भाषण बीच में ही रोक दिया। नरेद्र सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व चंबल अंचल में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। मंच पर केन्द्रीय मंत्री और दिमनी विधानसभा से प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ ही विधानसभा के अन्य भाजपा प्रत्याशी रघुराज कंषाना मुरैना, ऐंदल ■ शेष पृष्ठ 5 पर

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सांवेर और खातेगांव में की जनसभाएं, बोलीं-

## वोट लेने के लिए होती है भाजपा की घोषणाएं, कांग्रेस पूरा करती है गारंटी

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा की घोषणाएं आपका वोट लेने के लिए होती हैं, जबकि चुनाव हो जाने के बाद यह उन घोषणाओं को भूल जाते हैं। जबकि कांग्रेस अपनी गारंटियां पूरी करती हैं। श्रीमती गांधी ने आज इंदौर जिले के सांवेर और देवास जिले के खातेगांव में जनसभाओं को सम्बोधित किया।

प्रियंका गांधी ने अपने भाषण में एक बार फिर गारंटियों का जिक्र किया। उन्होंने महिलाओं को हर महीने 1500 दिए जाने, किसानों का कर्ज माफ करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने और 5 सौ रुपये में गैस सिलेंडर देने के भी वादे किए। 2 लाख खाली सरकारी पदों को भरने का भी ऐलान किया गया। इसके अलावा सौ यूनिट बिजली माफ, 2 सौ यूनिट हाफ जैसी घोषणाएं भी की श्रीमती गांधी ने कही। प्रियंका ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक और हिमाचल में जनता के हित में काम कर रही है, उसी तरह से आपके लिए भी काम करे। इसके लिए जरूरी है कि आप कांग्रेस का समर्थन कर कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएं।

श्रीमती गांधी ने कहा कि आपके बगल के राज्य छत्तीसगढ़ में सबसे कम बेरोजगारी है, क्योकि वहां पर कांग्रेस की सरकार है। मप्र में पिछले 18 सालों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और बेरोजगारी में मध्य प्रदेश नंबर वन है। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले 3 सालों में केवल 21 रोजगार दिए है। आज मध्य प्रदेश में कई पद खाली पड़े हैं और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो 90 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं, मध्य प्रदेश में शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के राज्य में 7 हजार से ज्यादा पाठशालाएं बंद हो गई हैं। राज्य में जब भी घोटाला होता है तो इसका सीधा मतलब है कि सरकार जनता से लूट रही है। श्रीमती गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को दो महीने पहले बताया कि वह लाड़ली बहने हैं मैं शिवराज सिंह चौहान से पूछती हूं कि क्या इससे पहले बहनें लाड़ली नहीं थी क्या? क्या इससे पहले बहनें समस्याओं का सामना नहीं कर रही थी, क्या वह संघर्ष नहीं कर रही थी, क्या उन्हें जरूरत नहीं थी? मैं अपनी बहनों को सतर्क करना चाहूंगी कि जिस मुखिया ने 18 सालों में आपके लिए कुछ नहीं किया वह चुनाव के पहले आपको ■ शेष पृष्ठ 5 पर




### सिलावट कर रहे थे सरकार में मिलावट

सांवेर में जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रियंका ने भाजपा प्रत्याशी तुलसीराम सिलावट पर निशाना साधा। श्रीमती गांधी ने कहा कि जब कोरोना का भारी कहर था, तब यहां के स्वास्थ्य मंत्री सिलावट बेंगलुरु के रिसोर्ट में आपकी सरकार की सौदेबाजी कर रहे थे। सरकार में मिलावट का काम कर रहे थे, अच्छा हुआ यह दूसरी पार्टी में चले गए।

कमलनाथ ने कहा

### शिवराज जिस स्कूल-कॉलेज में पढ़े वह कांग्रेस ने ही बनाया

पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सांवेर की सभा को संबोधित करते हुए सरकार पर भाजपा पर जमकर निशाना साधा, भाजपा के लोग कहते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी अगर किसी स्कूल में पढ़ने गए होंगे तो वह स्कूल भी कांग्रेस ने बनाया था। मैं शिवराज सिंह चौहान को भी बताना चाहता हूं कि आप जिस स्कूल और कॉलेज में पढ़ने गए वह स्कूल और कॉलेज कांग्रेस ने ही बनाया था।

उन्होंने कहा कि भाजपा के बड़े नेता किसानों की बात नहीं करते, युवाओं के रोजगारों की बात नहीं करते, महिला सुरक्षा की बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच से पूछना चाहता हूं कि 18 साल से मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की सरकार है इन्होंने इन 18 सालों में क्या काम किया उसका हिसाब यह क्यों नहीं देते हैं। 18 सालों में शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश को भ्रष्टाचार दिया, युवाओं की भर्ती में घोटाले दिए, महंगाई दी और घर–घर में शराब देने का काम किया। शिवराज सिंह चौहान की झूठ की मशीन डबल स्पीड से चल रही है। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश को युवाओं बेरोजगार युवा नहीं देखते जबकि आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती इन युवाओं का भविष्य है।




# गंदगी मिलने पर मिठाई की दुकान सील

**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा विभागके दल ने बुधवार को रायसेन रोड स्थित गोविंद गार्डन में कविता स्वीट्स नामक मिठाई की दुकान का लाइसेंस निरस्त करने के साथ उसे सील कर दिया। दरअसल जांच के दौरान इस मिठाई की दुकान में गंदगी मिली थी। अब लाइसेंस निरस्त होने से यहां कारोबार पूरी तरह से बंद रहेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि कविता स्वीट्स में अत्यंत गंदगी थी। वहीं गंदगी के बीच में ही समोसे, कचौड़ी आदि का निर्माण होना पाए जाने पर प्रतिष्ठान की फैक्टरी को सील कर दुकान लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। लाइसेंस निलंबन अवधि के दौरानइस प्रतिष्ठान से खाद्य कारोबार का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।



## मिठाई के नमूने भी लिए

उधर अभिहित अधिकारी देवेंद्र वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को खाद्य निरीक्षकों के दल ने शहर की मिठाई दुकानों और डेयरी का निरीक्षण किया। इस दौरान दूध पेड़ा, मलाई बर्फी, मिल्क केक, केसर पेड़ा, पीला पेड़ा, गुलाब जामुन, सोन पपड़ी आदि के नमूने भी लिए गए। इन्हें जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला में भेजा गया है।

## गैस एजेंसी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध

**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री कुसुम अहिरवार, सनद शुक्ला एवं नापतौल निरीक्षक जीके भावसार द्वारा सिद्वार्थ इण्डेन गैस एजेंसी शाहपुरा त्रिलंगा के गोदाम से निकले 3 गैस सिलेण्डर लोडिंग ऑटो को परवलिया थाने पर निरीक्षण किया गया, जिसमें 14.2 किग्रा क्षमता के 7 घरेलू गैस सिलेण्डरों में निर्धारित मानक मात्रा से कम गैस मिली। इस पर नापतौल विभाग द्वारा उक्त सिलेण्डरों को जप्त किया गया। वहीं खाद्य विभाग के अन्य कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल एंव मयंक द्विवेदी द्वारा गैस एजेंसी एवं गोदाम का निरीक्षण किया गया, जिसमें ऑनलाईन स्टॉक से 47 भरे घरेलू सिलेण्डर कम तथा 7 खाली घरेलू सिलेण्डर अधिक, 107 खाली व्यवसायिक सिलेण्डर कम एवं भरे 2 कम पाये गये। 47.5 कि. ग्राम के भरे 25 कम, खाली 30 अधिक पाये गये। मौके से जप्त किया गया। इसके साथ ही गैस एजेंसी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर आगामी कार्यवाही हेतु कलेक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# 14 सौ कर्मचारियों को चुनाव का प्रशिक्षण आज

## अतिरिक्तऔर गायब रहने वाले कर्मचारी होंगे शामिल

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल के करीब 14 सौ कर्मचारियों को गुरुवार को भी चुनाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन कर्मचारियों में अतिरिक्त और पिछले 3 दिन तक चले प्रशिक्षण से गायब रहने वाले शामिल हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 दिन में भोपाल के 9 हजार से अधिक कर्मचारियों को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उन्हें ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग, मतदान सामग्री लेने से लेकर जमा कराने तक की प्रक्रिया सिखाई गई। वहीं प्रशिक्षण के तुरंत बाद ही मास्टर ट्रेनर्स ने कर्मचारियों की परीक्षा भी ली, जिसमें फैल कर्मचारी दूसरे दिन के प्रशिक्षण में शामिल हुए। ऐसे 2 सौ से अधिक कर्मचारियों को दोबारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, तीन दिन तक करीब ढाई सौ कर्मचारी गायब रहे। बुधवार को कुल 2 हजार 232 कर्मचारी प्रशिक्षण में शामिल हुए, जबकि 64 कर्मचारी गायब रहे। लिहाजा चौथे दिन गुरुवार को हाने वाले प्रशिक्षण तीनों दिनों के प्रशिक्षण में गायब और अतिरिक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण मिलेगा। इस दौरान उन्हें भी मतदान की बारीकियां सिखाई जाएगी। ताकि वे अच्छे तरीके से मतदान प्रक्रिया करा सकें।

## मतदान के लिए लाल परेड मैदान में व्यवस्था

मतदान दल एवं निर्वाचन कार्य में लगे शासकीय कर्मी एवं पुलिसकर्मियों का डाक मतपत्र से मतदान लाल परेड मैदान में बनाए गए सुविधा केंद्र पर गुरुवार सुबह से शुरू होगा। यह प्रक्रिया 10 नवंबर तक चलेगी।

## बुजुर्ग और दिव्यांग घर बैठे कर रहे मतदान

इधर, 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में ढाई हजार से अधिक बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से मतदान करने का विकल्प चुना गयां है। लिहाजा घर से मतदान की प्रक्रिया के दूसरे दिन बुधवार को भी मतदान का सिलसिला जारी रहा और अब तक करीब 2 हजार मतदाता मतदान कर चुके हैं। घर से मतदान की प्रक्रिया गुरुवार तक जारी रहेगी।

# धूप में तल्खी बरकरार, 2 दिन बाद कम होने लगेगा तापमान

**भोपाल, देशबन्धु।** हवाओं का रुख लगातार दक्षिणी एवं दक्षिण-पूर्वी बना रहने से प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। इससे धूप में चुभन बरकरार है। हालांकि रात के समय तापमान सामान्य के आसपास बना रहने से हल्की ठंड मौजूद है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हवाओं का रुख बदलने से 11 नवंबर से रात के तापमान में गिरावट होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से उत्तर-पश्चिमी राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात बन गया है। वर्तमान में प्रदेश में हवाओं का रुख लगातार दक्षिणी एवं दक्षिण-पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि हवा का रुख उत्तरी नहीं होने से तापमान में कमी नहीं आ रही है। लेकिन 10 नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ जाने की संभावना है। उसके बाद हवाओं का रुख बदलकर उत्तरी होने लगेगा। इससे दिन और रात के तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू हो सकता है। उधर बुधवार को पहाड़ी क्षेत्र पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य रहा।

# क्राइम ब्रांच कार्यालय में गरीब बच्चों संग मनाई दीवाली

**भोपाल, देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच कार्यालय में केजीएन फाउंडेशन ने अनाथ और गरीब बच्चों के साथ दीवाली मनाई। इस दौरान संस्था ने 85 से अधिक बच्चों को कपड़े, मिठाई और पटाखे बांटे। इस कार्यक्रम क्राइम ब्रांच डीसीपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी भी मौजूद थे।

फाउंडेशन के अध्यक्ष मुनव्वर खान ने बताया कि वे हर साल गरीब बच्चों के साथ दीवाली मनाते हैं और उन्हें कपड़े-पटाखे उपहार के तौर पर देते हैं। ये वे बच्चे हैं, जो अनाथ हैं। इन्हें भोपाल के अलग-अलग इलाकों से स्वयं सेवी संगठनों और कालेज विद्यार्थियों की मदद से खोजते है और उनकी मदद करते है। फाउंडेशन पिछले 2 साल से यह कार्यक्रम बोट क्लब पर क्रूज पर आयोजित करता था, लेकिन एनजीटी के प्रतिबंध के कारण इस साल कार्यक्रम क्राइम ब्रांच में आयोजित किया गया। जिसके पीछे डीसीपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी की पहल रही। उनकी अपील पर ही फाउंडेशन ने क्राइम ब्रांच में दीवाली के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर डीसीपी श्री सोमवंशी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हर जगह आयोजित होने चाहिए। ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों की मदद की जा सके। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि वे भी आसपास ऐसे बच्चों की मदद करने की कोशिश करें। ताकि त्योहार के मौके पर सभी के चेहरे पर मुस्कान आ सके।

## मतदान के लिए किया जागरूक

इस अवसर पर सामाजिक कार्यक्रम के जरिए लोगों को मतदान के लिए भी जागरूक किया गया। इस दौरान संस्थान के सदस्य और कॉलेज के विद्यार्थी अलग अलग कॉर्टून्स के रुप में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते दिखे। उन्होंने लोगों को मतदान का महत्व समझाने के लिए हाथ में बैनर -पोस्टर भी थामे और भोपाल के मतदान स्लोगन भोपाल करेगा वोट को भी जमकर प्रसारित किया।



# 10 बदमाशों को किया जिला बदर

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से न्यायालय पुलिस आयुक्त भोपाल द्वारा 10 आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर के आदेश पारित किए गए है । बताया गया है कि उक्त अपराधियों के विरुद्ध भोपाल शहर के विभिन्न थानों में लूट, हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती की योजना, छेड़छाड़, मारपीट, चोरी इत्यादि गंभीर अपराध दर्ज है।

पुलिस आयुक्त ने जिन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर के आदेश दिए है,उनमें पप्पू चटका उर्फ हसीन कुरैशी पिता मो. सईद कुरैशी उम्र 31 साल निवासी झुग्गी नं. 462 छोटी मस्जिद के पास रोशनपुरा थाना अरेरा हिल्स, शनि राव पिता राजेश राव उम्र 27 साल निवासी- न्यू बस्ती अशोक कॉलोनी जाटखेडी थाना मिसरोद, रामदयाल माली पिता जमना प्रसाद उम्र 45 साल निवासी ग्राम मुगालिया छाप थाना खजूरी सड़क, रामगोपाल चैकसे पिता धनसिंह चैकसे उम्र 31 साल निवासी बंगरसिया, थाना मिसरोद, गौरव राणा पिता बलवीर राणा उम्र 26 साल निवासी म.नं. 48 शीतला माता मंदिर मेन रोड इब्राहिमगंज थाना हनुमानगंज, आशीष इसरानी उर्फ ए.डी. पिता हेमन्त कुमार इसरानी उम्र 19 साल निवासी बी-17 ओल्ड दौलतराम धर्मशाला के पास बैरागढ , मो0सलीम उम्र 30 साल निवासी मं.नं.55 गली नं.4 कृष्णा कालोनी थाना गौतमनगर, शहजाद उर्फ सलमान पिता अनवर खान उर्फ शकील उम्र 40 साल निवासी मं.नं.-189 कृष्ण नगर कालोनी थाना गौतमनगर, मोहसिन कुरैशी उर्फ तंजीम पिता हलीम कुरैशी उम्र 23 साल निवासी गली नं. 5 बावड़ी के पास काजी कैम्प, थाना हनुमानगंज शामिल हैं।

## सदभावना मैच खेलकर दिया मतदान का सन्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय बैरसिया में मतदाता जागरूकता आभियान के अंतर्गत प्राचार्य एवं विद्यार्थियों की टीम के बीच सदभावना बॉलीबॉल मैच खेला गया। इस दौरान महाविधालय की सभी फैकल्टी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मैच में भाग लेते हुए ये मैच मतदाता जागरूकता को समर्पित किया। महाविधालय के प्राचार्य डॉ. राजू तिलन्थे ने बताया कि लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान रूपी एक - एक आहुति सबकी हो बस इसी सन्देश को जन - जन तक पहुंचाने का हमारा प्रयास है और यह सदभावना मैच इसी प्रयास का एक हिस्सा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 2081/अ-6/2023-24

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पदम सिह यादव पुत्र अमर सिंह यादव निवासी बैरागढ़ चिचली म.प्र.भू.रा. सहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय क्र./ वसीयत/दान......... दिनांक... ग्राम खड़ाबड़ प.ह.नं... स्थित भूमि खसरा नंबर 36/1, रकबा 0.970 हे., ख.नं. 36/2 (क) रकवा 0.560 हे., ख.नं. 36/2/ ख. रकबा 0.410 हे., अन्य कुल रकबा 4.664 हे.,भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2. उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 31.10.2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16.10.2023 को जारी किया गया।

सील

**नायब तहसीलदार**
**तहसील-कोलार, भोपाल**

In The Court of V Additional Judge To I Civil Judge, Senior Division Betul

Presiding Officer: श्री अरुण सिंह अलावा

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000257/2023)

रामनाथ बैठे................................................................ वादी

Vs

मध्यप्रदेश शासन द्वारा कलेक्टर बैतूल .............................. प्रतिवादी

Process Id-9718/2023

पेशी दिनांक 23.11.2023

प्रेषिती-1. सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी रामनाथ बैठे ने आपके विरुद्ध सिविल सूट क्लास ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03 November 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील

**अरुण सिंह अलावा**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बैतूल के न्यायालय के पंचम अतिरिक्त न्यायाधीश बैतूल जिला बैतूल म.प्र.**

कृपया ध्यान दें: 1 यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# 2 भाइयों ने बर्तन कारोबारी पर किया जानलेवा हमला

**भोपाल, देशबन्धु।** ऐशबाग इलाके में एक बर्तन कारोबारी पर दो सगे भाइयों ने मिलकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया है कि एक का पीड़ित से पुराना विवाद था। इसका बदला लेने के लिए उसने अपने भाई के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। घायल व्यापारी को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शिकायत के बाद दोनों भाइयों पर हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

ऐशबाग थाना पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 35 वर्षीय नीलेश राय निजी काम करता है। वह मंगलवार रात में करीब साढ़े दस बजे दवा लेने क लिए आया था। यहां उसने देखा कि उसके रिश्तेदार बर्तन कारोबारी पिंटू राय से दो लोग मारपीट कर रहे हैं। जब उसने बीच-बचाव करना चाहा तो आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इस पर वह पीछे हट गया। इसके बाद आरोपियों ने पिंटू राय पर चाकू से हमला किया, जो उसके कमर पर लगा। हमले के बाद आरोपी फरार हो गए। इसके पिंटू को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल की सूचना पर ऐशबाग थाना पुलिस ने घायल के बयानों के बाद दोनों आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी सगे भाई है । इनमें से एक सलमान आपराधिक प्रवृत्ति का है और दूसरा नफीस आटो चलाता है। इनका पिंटू राय से पुराना विवाद है। इसी को लेकर रात में उनका विवाद हुआ, जिसके बाद पिंटू पर जानलेवा हमला हुआ है। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है।

उधर अशोका गार्डन इलाके में एक बदमाश ने फूड डिलीवरी बाय पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर में रहने वाला 28 वर्षीय नीरज शर्मा आनलाइन एप के माध्यम से लोगों के आर्डर पर खाना पहुंचाने का काम करता है। रात में वह काम निपटाने के बाद अपने घर लौट रहा था। तभी नवाब कालोनी के मोड़ पर उसे एक बदमाश कल्लू उर्फ बच्चा उर्फ राजेंद्र ने रोक लिया और दबंगई दिखाते हुए उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे उसके चेहरे पर नाक, कान , मुंह पर चोट आई नीरज ने पुलिस को बताया कि वो यह नहीं देख पाया कि उस पर किस हथियार से हमला किया गया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## रेल घटना टालने वाले 23 रेलकर्मी हुए पुरस्कृत

**भोपाल, देशबन्धु।** मण्डल रेल प्रबन्धक देवाशीष त्रिपाठी नें ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझबूझ एवं सजगता से कार्य करते हुए खण्ड में होने वाली संभावित घटनाओं को टालने वाले 23 रेल कर्मियों को मण्डल कार्यालय में आमंत्रित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया। मण्डल रेल प्रबन्धक देवाशीष त्रिपाठी नें रणजीत चौरे कॉटेवाला, अली अहमद सिद्धकी लोको पायलट, जावेद नबी सहा. लोको पायलट , एस.सी. अग्रवाल लोको पायलट, विवेक रावत सहा. लोको पायलट , मनोज बाजपेई लोको पायलट बीना, विवेक राजोरिया सहा. लोको पायलट, दिलीप सेन सहा. लोको पायलट, मठ्ठू की-मैन , मोहन लाल की-मैन, रवि अहिरवार उप स्टेशन प्रबन्धक, राघवेन्द्र सिंह रघुवंशी लोको पायलट, संघर्ष कुशहारे सहा. लोको पायलट, मनोज कुमार उप स्टेशन प्रबन्धक , भैया लाल सेजकर कनिष्ट अभियंता कैरिज वैगन, संतोष धुर्वे एमसीएम कैरिज वैगन, संतोष कुमार तकनीशियन , बाल किशन रैकवार कॉटेवाला , विनोद पंथी की-मैन, रवींद्र यादव की-मैन, अमन कॉटेवाला छनेरा, ओपी निरंजन लोको पायलट , जीतेन्द्र सिंह सहा. लोको पायलट को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया।

**प्रारुप सी-1 से सी-6 तथा सी ए**
**प्रारुप सी-2**
**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य में बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता:- **कांति कुमार दुबे**
राजनीतिक दल का नाम:- भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
निर्वाचन का नाम:- मध्यप्रदेश विधान सभा
निर्वाचन क्षेत्र का नाम:- 68 सिरमौर

मैं **जसविंदर सिंह** (राज्य सचिव) भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) मध्यप्रदेश राज्य समिति, सार्वजनिक जानकारी के लिए हमारे उम्मीदवार **श्री कांति कुमार दुबे** की आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं।

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रमांक संख्या | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायिक दंडाधिकारी महोदय प्रथम श्रेणी, त्योंथर जिला रीवा | RCP-1073/21 | लंबित | **294,353, 506,/34 IPC धरना प्रदर्शन के दौरान** |

B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्रं. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| ...... | .................. | ......................... | ..................... |

**जसविंदर सिंह**
**राज्य सचिव**

प्रारुप सी-1

**अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल)सं. 536 पब्लिक इंटेरेस्ट फाउडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

**अभ्यर्थी का नाम एवं पता:-** **पुष्पराज सिंह पटेल**
**निवासी-सरदार वार्ड, तहसील-सोहागपुर-138, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**
**राजनैतिक दल का नाम:-** **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**( स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखे )**
**निर्वाचन का नाम:-** **तहसील-सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र क्रं. -138 जिला नर्मदापुरम, म.प्र.**
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम:-** **सोहागपुर-138**

मैं **पुष्पराज सिंह पटेल** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना के लिए अपने आपराधिक पूर्ववत के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रमांक | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JMFC सोहागपुर | 275/18 | विचाराधीन | धारा 505 (I) भा.द.वि. अन्य धारा 67 IT ACT अपशब्द बोलना |
| 2 | JMFC नर्मदापुरम | 176/21 | विचाराधीन | 188, 269, IPC 51 आपदा प्रबंधन अधि./ शासकीय आदेश उल्लंघन |
| 3 | JMFC पिपरिया | 104/21 | विचाराधीन | 188 भा.द.वि. 51 आपदा प्रबंधन अधिनियम/ शासकीय आदेश उल्लंघन |
| 4 | JMFC पिपरिया | 79/21 | विचाराधीन | धारा 186, 506, 509 भा.द. वि./ शासकीय सेवक को अपशब्द |
| 5 | JMFC पिपरिया | 112/21 | विचाराधीन | 294, 32, 506, 34 भा.द.वि./ गाली गलोच करना |

दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड | |
|---|---|---|---|
| JMFC सोहागपुर दिनांक 20.09.2022 | 1500/- रु. अर्थदण्ड | 1500/- रु. अर्थदण्ड | |

* राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**पुष्पराज पटेल**
**हस्ताक्षर- प्रत्याशी**

देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 310 । भोपाल, गुरूवार 9 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

मुख्यमंत्री ने सीहोर, राजगढ़, खंडवा, खरगौन और बड़वानी जिलों में की सभाएं, बोले

# पांडव न्याय की तो कौरव लड़े थे स्वार्थ की लड़ाई




**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को पानसेमल, सेंधवा, भगवानपुरा, भीकनगांव, मांधाता, खिलचीपुर, राजगढ़, नरसिंहगढ़ और सीहोर में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान वे कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दोनों भाई–बहन को केवल झूठ बोलना ही सिखाया है और मुझे तो इतनी गाली देते हैं, चाहे खड़गे जी हों, चाहे कमलनाथ हों, चाहे दिग्विजय सिंह हों, इनको लगता है कि पता नहीं ये डेढ हड्डी का कहां से आ गया हमारी दाल नहीं गलने देता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहते हैं कि मामा तेरा श्राद्ध हो गया। मैंने कहा मर भी गया तो जनता की सेवा के लिए राख के ढेर में से फिर से खड़ा हो जाऊंगा। ये कांग्रेसी किसानों से झूठे वादे करते हैं, एक भी नहीं निभाएंगे।

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे जी कह रहे थे भाजपा के 5 पांडव हमसे लड़ रहे हैं, मतलब कांग्रेस ने मान लिया वे कौरव हैं क्योंकि पांडव लड़ते हैं न्याय की लड़ाई, वे अधर्म के खिलाफ लड़ते हैं और कौरव लड़ रहे थे स्वार्थ की लड़ाई। इसलिए यह स्वार्थ धर्म–अधर्म, न्याय–अन्याय की लड़ाई में पांडव जीतेंगे ।

## कांग्रेस में हैं दो- दो धृतराष्ट्र

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मान लिया कि वे कौरव है, महाभारत में तो एक ही धृतराष्ट्र थे जो अपने बेटे को राज्य दिलाने के लिए लड़ रहे थे और कौरवो के अंत के कारण बने, लेकिन मध्यप्रदेश कांग्रेस में तो दो–दो धृतराष्ट्र हैं कमलनाथ और दिग्विजय जो पुत्रो को स्थापित करने में पूरी कांग्रेस की तिलांजलि देकर मानेंगे।

उन्होंने कहा दोनों को पार्टी नहीं अपने–अपने बेटों से मतलब है और दोनों ही अपने–अपने बेटों को मध्यप्रदेश में स्थापित करना चाहते हैं, बेटों को सत्ता दिलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह चक्की के 2 पाट हो गए हैं, इन दोनों पाटों के बीच में कांग्रेस पिस रही है, यह धृतराष्ट्र वाली कांग्रेस कभी चुनाव नहीं जीत सकती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुधवार को भाजपा प्रत्याशी पानसेमल में श्री श्याम बर्डे, सेंधवा में श्री अंतरसिंह आर्य, भगवानपुरा में श्री चंद्रसिंह वाम्कले, भीकनगांव में श्रीमती नंदा ब्राम्हणे, मांधाता में श्री नारायण पटेल, खिलचीपुर में श्री हजारीलाल दांगी, राजगढ़ में श्री अमर सिंह, नरसिंहगढ़ में श्री मोहन शर्मा और सीहोर में श्री सुदेश राय के समर्थन में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान श्री चौहान ने जनता से सभी भाजपा उम्मीदवारों को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की।

### सबसे स्वच्छ शहर में प्रियंका ने फैलाया झूठ का कचरा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज फिर प्रियंका गांधी जी सबसे स्वच्छ शहर में झूठ का कचरा फैलाने आ रही हैं। इंदौरी भाई बहन कांग्रेस के झूठ का कचरा भी इंदौर में टिकने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठी पार्टी है, दगाबाज पार्टी है। किसानों, बेरोजगारों और प्रदेश की जनता से कई वादे किए थे, लेकिन एक भी वादा नहीं निभाया। कांग्रेस से सावधान रहना ये फिर से भ्रम फैलाने आ रहें हैं। कांग्रेस ने गरीबों के कफन के पांच हजार रूपए भी छिन लिए थे, याद रखना ये कफन छिनने वाली कांग्रेस है। हम बहनों को बेटा–बेटी होने पर लड्डुओं के पैसे देते थे, कांग्रेस ने वो पैसे भी देना बंद कर दिए थे, ये पैसा छिनने वाली बेईमान कांग्रेस है। भूल से भी कांग्रेस आ गई तो जनहित की सभी योजनाएं बंद कर देगी, फिर ना लाड़ली रहेगी ना बहना रहेगी।







भोपाल, गुरूवार 9 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## दिल्ली-एनसीआर कैसे हो प्रदूषण मुक्त?

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब व राजस्थान में बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा पराली जलाने के कारण दिल्ली समेत एनसीआर कहे जाने वाले क्षेत्र के नागरिक भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में आ गये हैं। हर साल सर्दियों के प्रारम्भ में आने वाले इस संकट से लोगों को मुक्ति कैसे मिले, इसके उपाय न तो पर्यावरण वैज्ञानिकों के पास हैं और न ही सरकारों के पास कि वे आखिर क्या करें। सम्बन्धित राज्य सरकारों की दिक्कत इसलिये बढ़ गई है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इसे लेकर बहुत सख्त हो गया है। मंगलवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान उसने दिल्ली के समीपवर्ती राज्य सरकारों से कह दिया है कि इससे उसे कोई मतलब नहीं है कि वे पराली जलाने से रोकने के लिये क्या करती हैं और क्या नहीं-कोर्ट चाहती है कि यह तत्काल रुके। उसने साफ कह दिया है कि वह लाखों नागरिकों को जहरीली हवा में सांस लेकर मरते हुए नहीं देख सकती। इसलिये इस समस्या के लिये सर्वाधिक जिम्मेदार माने जाने वाले पंजाब की सरकार की इस दलील से भी संतुष्ट नहीं है कि पिछले वर्ष के मुकाबले पराली जलाने की घटना में 40 प्रतिशत की कमी आई है।

अब देखना यह है कि इस पर कुछ राजनैतिक खींच-तान, वाद-विवाद और कानूनी ज़िरह के बाद यह मामला अगले साल तक के लिये फिर ठंडे बस्ते में जाता है या केन्द्र व राज्य सरकारें मिलकर कोई स्थायी समाधान निकालती हैं ताकि इस क्षेत्र के नागरिक हर वर्ष तकरीबन महीने भर के लिये गैस चेंबर बन जाने वाले दिल्ली-एनसीआर में ही रहने के लिये अभिशप्त न रहें।

उल्लेखनीय है कि आसपास के हजारों किसानों द्वारा पुरानी फसल के अवशेषों को जलाने के कारण जिस बड़े पैमाने में धुआं उठता है वह स्वाभाविक रूप से ठंडे तापमान में बहुत ऊंचे आसमान में न जाकर नीचे बैठने लगता है। इसके कारण इस पूरे क्षेत्र में फैलने वाली हवा इतनी ज़हरीली हो जाती है कि लोगों का सांस लेना तक दूभर हो जाता है। कतिपय भौगोलिक व वैज्ञानिक कारणों से इसका घनत्व दिल्ली व एनसीआर में होता है। घनी बसाहट व वाहनों के निकलते धुएं का साथ पाकर दिल्ली सर्वाधिक प्रभावित होती है। किसी वार्षिक अनुष्ठान की तरह इस भयानक प्रदूषण पर कानूनी व सियासी विवाद शुरू हो गया है। पर्यावरणविद एमसी मेहता की 1985 में दायर एक याचिका की सुनवाई के सिलसिले में जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच में यह मामला विचाराधीन है।

पिछले लगभग एक हफ्ते से दिल्ली का हर साल की तरह यही आलम होने से सुप्रीम कोर्ट ने बहुत ही सख्त रवैया अपनाया जिसका अंदाजा उनके इन शब्दों से लगाया जा सकता है जिसमें उसने कहा कि 'यदि हमने अपना बुलडोजर चलाना शुरू किया तो रुकेंगे नहीं।' चूंकि पराली की समस्या के लिये पंजाब को सर्वाधिक जिम्मेदार माना जाता रहा है, कोर्ट ने इस राज्य को लेकर बहुत कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि वह राजनीति बंदकर आवश्यक कार्रवाई करे। साथ ही, सभी सम्बन्धित सरकारों को एक-दूसरे पर दोषारोपण करने से बचने और अपने-अपने राज्यों में पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिये। पीठ का कहना था कि पंजाब सरकार चाहे जुर्माना लगाये या प्रोत्साहन दे, उसे पराली जलाने पर रोक लगानी होगी। जब पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा कि जुर्माना लगाना कठिन है, तो बेंच ने तंज कसते हुए कहा कि 'जुर्माना लगाना कठिन हो सकता है परन्तु दिल्लीवासियों की सेहत बिगाड़ने में कोई दिक्कत नहीं होती।' शीर्ष कोर्ट को जब बताया गया कि किसानों को धान का उत्पादन न लेने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो इस पर कोर्ट ने सहमति जताई कि वैकल्पिक फसलें लेना अच्छा उपाय हो सकता है। धान की फसल की बजाय अन्य फसल लेने की बात इसलिये उठती है क्योंकि धान कटाई के बाद ही इसके अवशेषों (पराली) को जलाया जाता है ताकि रबी की फसलें ली जा सकें।

वैसे इस समस्या के राजनैतिक रंग लेने का एक बड़ा कारण यह है कि इसमें हरियाणा व उप्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं तो राजस्थान में कांग्रेस की। इस बार बुरे फंसे हुए हैं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो पहले पंजाब को दोषी ठहराया करते थे परन्तु पिछले वर्ष वहां उनकी (आम आदमी पार्टी की) सरकार बन जाने से वे न तो अपनी सरकार की आलोचना कर पा रहे हैं, न ही बचाव। इसे उनकी आलोचना का सुअवसर जानकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला कहते हैं कि 'सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश केजरीवाल के मुंह पर तमाचा है।' हालांकि आप ने कहा है कि शीर्ष कोर्ट जो भी निर्देश व सुझाव देगा, दिल्ली सरकार उनका पालन करेगी।

सुनवाई के दौरान धान की जगह वैकल्पिक फसलें लेने की जो बात कही गई है, वह एक आकर्षक सुझाव तो हो सकता है लेकिन इसकी प्रक्रिया बहुत लम्बी है जिसमें कई वर्ष लग जायेंगे। कहने मात्र से किसान धान की फसलें लेना नहीं छोड़ देंगे जब तक कि उनके पास धान की बिक्री से होने वाले आर्थिक लाभ के बराबर की कमाई सुनिश्चित न हो। पंजाब में धान लेने वाले किसानों की संख्या बहुत बड़ी है इसलिये यह सुझाव भी तत्काल में अमल में लाया जाना मुश्किल है। देखना यह है कि ये सरकारें अगली सुनवाई में क्या हल लेकर आती हैं, जो शुक्रवार, 10 नवम्बर को होगी; या फिर अगले करीब एक पखवाड़े तक दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को गैस चेंबर में ही रहना होगा। उसके बाद तो वैसे ही पराली जलनी बंद हो जाती है।

# निराधार बातों में कमजोर होती देश की जड़ें

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की गहमागहमी, जातिगत जनगणना, नीतीश कुमार का बिहार विधानसभा में दिया गया बयान और फिर उस पर माफी, केदारनाथ धाम में राहुल और वरुण गांधी की मुलाकात जैसी खबरों के शोर में दो और खबरों पर नजर पड़ी। पहली, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया और दूसरी, पिछले पांच सालों में यानी अप्रैल 2017 से जून 2022 तक मोदी सरकार के 16 मंत्रालयों ने पांच अंततराष्ट्रीय सलाहाकार कंपनियों को 5 सौ करोड़ रूपयों का भुगतान किया है। इस बीच आठ नवंबर की तारीख आई तो नोटबंदी के सात साल पर भी सुर्खियां बननी चाहिए थी कि इन सात सालों में देश को पांच सौ के पुराने और हजार के नोट बंद करने का क्या फायदा मिला, लेकिन मुख्यधारा का मीडिया इस वक्त नोटबंदी का जिक्र कर मोदी सरकार के मुंह का जायका क्यों बिगाड़ेगा। अलबत्ता कांग्रेस ने जरूर इस मौके पर कुछेक चुभते हुए पोस्ट किए हैं। जैसे राहुल गांधी ने लिखा-

नोटबंदी एक सोची समझी साज़िश थी, रोज़गार तबाह करने की। श्रमिकों की आमदनी रोकने की। छोटे व्यापारों को खत्म करने की। किसानों को नुकसान पहुंचाने की। असंगठित अर्थव्यवस्था को तोड़ने की। 99 प्रतिशत आम भारतीयों पर हमला, 1 प्रतिशत पूंजीपति मोदी 'मित्रों' को फायदा। ये एक हथियार था, आपकी जेब काटने का- परम मित्र की झोली भर कर उसे 609 से दुनिया का दूसरा सबसे अमीर बनाने का!

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि नोटबंदी के बाद मोदी जी ने 50 दिन मांगे थे, आज 7 साल हो गए। वो चौराहा तो नहीं मिला, देश को दोराहे पर ज़रूर खड़ा कर दिया। एक तरफ़ अमीर, अरबपति अमीर हो गया है, तो दूसरी ओर, गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। आज 150 लोगों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है जिन्होंने नोटबंदी के चक्रवात को झेला! देश की अर्थव्यवस्था और विकास दर को गहरा धक्का लगा। एक ही झटके में लाखों छोटे व्यवसाय ठप्प पड़ गए। करोड़ों लोगों ने अपनी नौकरियां गंवाई। पाई-पाई जोड़कर जो हमारी गृह लक्ष्मी महिलाओं ने बचत जुटाई थी, वो ख़त्म हो गई। जाली नोट और बढ़ गए, 500 के जाली नोटों में पिछले साल ही 14प्रतिशत बढ़ोतरी हुई और 2000 के नोटों पर भी नोटबंदी लागू करनी पड़ी। (आरबीआई)। काले धन पर लगाम लगाने में विफ़ल रही मोदी सरकार। नकदी के चलन में 2016 से अब तक 83 प्रतिशत उछाल आया। पिछले 7 वर्षों में संपत्ति खरीदने वालों में से 76प्रतिशत को कीमत का एक हिस्सा नकद में चुकाना पड़ा। (स्थानीय सर्वे) मोदी सरकार की नोटबंदी आम नागरिकों के जीवन में एक गहरे ज़ख्म की तरह है, जिसकी मरहम-पट्टी वो आज तक कर रहें हैं।

कांग्रेस ने भी अपनी एक पोस्ट में एक वीडियो को साझा करते हुए इसे देश पर आक्रमण की तरह बताया है। अब ये हरेक की अपनी मर्जी है कि वह इन बातों को राजनीतिक बयानबाजी समझे या इसे मोदीजी का देशहित में किया गया ऐसा हवन माने, जिसमें किसी न किसी की बलि तो चढ़नी ही थी। लेकिन ये सवाल अपनी जगह बरकरार रहेगा कि आखिर नोटबंदी का फैसला, प्रधानमंत्री मोदी ने किससे पूछकर किया या किसके कहने पर किया। क्या नोटबंदी करने के पीछे जो तर्क दिए गए थे, वो सही साबित हुए। क्योंकि आतंकवाद खत्म नहीं हुआ इसका सबसे बड़ा सबूत 2019 का पुलवामा हमला है। अभी मई से मणिपुर में जो हालात बने हैं, उसमें अब मुद्दा केवल दो जातिगत समूहों के बीच हिंसा का नहीं रह गया है, बल्कि इसमें भ्रष्टाचार, आतंकवाद सारे तत्व शामिल दिखाई दे रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही खबर आई है कि छह महीनों की हिंसा में लूटे गए हथियारों में केवल 25 प्रतिशत हथियार ही बरामद हुए हैं। जबकि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अवैध हथियार रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात करते रहे हैं। अब इसे भ्रष्टाचार न समझा जाए, तो फिर क्या कहा जाए। जो हथियार लूटे गए, वो कहीं न कहीं इस्तेमाल हो रहे होंगे और उनके लिए जो पैसों का लेन-देन हो रहा होगा, वो नकदी में ही होगा। इसका मतलब नोटबंदी जैसे फैसले का कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि काला धन अब भी देश में घूम ही रहा है। रिजर्व बैंक भी यही कह रहा है कि जाली नोटों में बढ़ोतरी हुई है, नकदी का चलन बढ़ा है। इसलिए जब श्री खड़गे मोदीजी के 50 दिन दे दो वाले बयान की याद दिला रहे हैं, तो इसे राजनीतिक आरोप की जगह देश की चिंता की तरह देखे जाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री मोदी की आदत है कि वे आज एक बात भूलकर कल उसे भूल जाते हैं। इस आदत के लिए ही जुमलेबाजी जैसे शब्द का इस्तेमाल हुआ है। देश का कोई समझदार नागरिक नहीं चाहेगा कि वह अपने निर्वाचित प्रधानमंत्री को 50 दिन का वक्त देकर चौराहे पर आने कहे। हमारे संविधान निर्माताओं के प्रताप से देश अब तक ऐसी अराजक स्थिति में आने से बचा हुआ है। प्रधानमंत्री भले लोगों की भावनाओं को भुनाने के लिए कुछ भी कहें और फिर भूल जाएं। लेकिन क्या लोगों को इतने बड़े फैसलों और उनके परिणामों को भूलना चाहिए। जो कौम अपने इतिहास से सबक लेकर वर्तमान को सुधार नहीं सकती, उसका भविष्य खतरे में ही रहेगा। 2016 में लिए फैसले को हम धर्म या जाति के नाम पर खड़े किए मुद्दों में भूल जाएं तो हम अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारेंगे।

> **श्री मोदी ने नोटबंदी के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, स्टैंडअप भारत जैसे अभियान भी चलाए। लेकिन देश के 16 मंत्रालय अगर आत्मनिर्भरता से काम करने की जगह विदेशी सलाहकार कंपनियों से सलाह ले और उसके लिए 5 सौ करोड़ का भुगतान करे तो क्या इसे सरकार की विफलता नहीं कहा जाना चाहिए।**

श्री मोदी ने नोटबंदी के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, स्टैंडअप भारत जैसे अभियान भी चलाए। लेकिन देश के 16 मंत्रालय अगर आत्मनिर्भरता से काम करने की जगह विदेशी सलाहकार कंपनियों से सलाह ले और उसके लिए 5 सौ करोड़ का भुगतान करे तो क्या इसे सरकार की विफलता नहीं कहा जाना चाहिए। पेट्रोल और ऊर्जा से लेकर नीति आयोग और आधार परियोजना तक कई कामों के लिए प्राइस वाटरहाउस कूपर्स, डेलॉइट, अर्न्स्ट एंड यंग, केपीएमजी और मैकेन्सी जैसी कंपनियों की सेवाएं ली गई हैं। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक 2024-25 के बजट के पहले वित्त मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि किसने किस सलाहकार कंपनी की सेवाएं लीं, किस आधार पर लीं, और कब तक के लिए ली हैं। अब पाठक खुद विचार करें कि एक ओर केंद्र सरकार लाखों रिक्त पदों को भर नहीं रही है। यानी हमारे देश के योग्य युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। बदले में कुछेक हजार नियुक्ति पत्र बांटने का काम अब प्रधानमंत्री कर रहे हैं। कई सार्वजनिक निकायों को घाटे का रोना रोते हुए निजी हाथों में सौंपा गया है और उनमें भी अधिकतर पर एक ही औद्योगिक समूह का मालिकाना हक है। बेरोजगारों के लिए हर चुनाव में घोषणाएं और भत्ते देने का ऐलान हो रहा है, लेकिन विदेशी कंपनियों को सलाह के नाम पर सैकड़ों करोड़ बांटे जा रहे हैं। सरकार करोड़ों का ये खर्च भी जनता के टैक्स से ही उठा रही है। यानी जनता दोनों तरफ से घाटे में है। उसे कमाने के अवसर नहीं मिल रहे और जो थोड़ी बहुत कमाई है, वो आउटसोर्सिंग की भेंट चढ़ रही है।

श्री मोदी को हार्डवर्क और हार्वर्ड वाला तंज कसने में बहुत मजा आया होगा। लेकिन उनके मजे के चक्कर में देश सजा ही भुगत रहा है। अगले पांच साल भी पांच किलो मुफ्त अनाज मिलेगा, ऐसी घोषणा पर खुश होने की जगह सवाल होना चाहिए कि आखिर मांग कर खाने वाली हालत में जनता को क्यों पहुंचाया गया है। क्यों दस सालों में उसके लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के ऐसे इंतजाम नहीं हुए कि वह इंसानी गरिमा के साथ जी सके। देश को आउटसोर्सिंग के साथ चलाकर आखिर कौन से गौरव की रक्षा सरकार कर रही है। और यहीं पहली खबर पर ध्यान जाता है कि महज एक आरोप के कारण पुर्तगाल के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दे दिया। हमारे यहां भी रेल मंत्री रहते हुए लालबहादुर शास्त्री ऐसी मिसाल कायम कर चुके हैं। लेकिन अब लोगों की कमजोर याददाश्त का फायदा उठाकर अगले साल भी मैं ही आऊंगा जैसी घोषणाएं लालकिले से हो रही हैं। पांच सौ और हजार के नोटबंद करने की सातवीं बरसी पर मोदीजी ने एक और ऐलान कर दिया है कि अपने तीसरे कार्यकाल में मैं देश को विश्व की अर्थव्यवस्था में सबसे ऊपर ले जाऊंगा। जो काम दो कार्यकाल में नहीं हो सका, उसे तीसरे कार्यकाल में करने के दावे का आधार क्या है, ये पता नहीं। ये सरकार ऐसी ही निराधार बातों पर चल रही है और देश की जड़ें कमजोर हो रही हैं।

# विश्न स्तर भर में डॉक्टरों के अनुसार प्रतिदिन छह घंटे का काम सर्वोत्तम विकल्प

■ डॉ अरुण मित्रा

ऐसा लगता है कि इंफोसिस के अध्यक्ष एनआर नारायण मूर्ति उस लोकप्रिय कविता को भूल गये हैं जो हमें स्कूल के दिनों में पढ़ाई गई थी। कविता का शीर्षक था -'द क्राई ऑफ द चिल्ड्रेन', और कवयित्री थीं एलिजाबेथ बैरेटब्राउनिंग। वह इंग्लैंड में चिमनी साफ करने वाले बच्चों की स्थिति को समर्पित थी जिन्हें खतरनाक उद्योगों में लंबे समय तक काम करवाया जाता था, जिसके परिणामस्वरूप अनेक गंभीर बीमारियों की चपेट में आने और अंततः जल्दी ही मर जाने की संभावनाएं थीं। कविता बच्चों पर उनके नियोक्ताओं द्वारा थोपे गये शारीरिक श्रम की जांच करती है। यह अगस्त 1843 में ब्लैकवुड पत्रिका में प्रकाशित हुई थी।

चार्ल्स डिकेंस ने भी 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड में बच्चों से ली जाने वाली कड़ी मेहनत के बारे में लिखा है। लेकिन उसके बाद से इंग्लैंड काफी आगे बढ़ गया है। सभी बच्चे स्कूल जायें, उन्हें उचित पोषण और आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल मिले, उसकी व्यवस्था की गई। हालांकि, महान हस्तियों की ये रचनाएं सभी श्रेणियों के श्रमिकों पर लागू होती हैं, चाहे वे शारीरिक काम करते हों या सफेदपोश काम करते हों। नारायण मूर्ति ने युवाओं से कहा है कि वे भारत को अपना देश मानें और देश की प्रगति के लिए प्रति सप्ताह 70 घंटे काम करें।

इस प्रस्ताव का विभिन्न नजरिये से विश्लेषण करने की आवश्यकता है, जैसे ट्रेड यूनियन, स्वास्थ्य, सामाजिक और उत्पादन पर तकनीकी विकास के प्रभाव के दृष्टिकोण से। लंबे समय तक चले संघर्ष के परिणामस्वरूप श्रमिकों को आठ घंटे काम, आठ घंटे की नींद और बाकी आठ घंटे मनोरंजन और परिवार के लिए देने का कानूनी अधिकार मिल सका।

> **श्री मूर्ति को यह समझना चाहिए कि उत्पादकता के लिए काम के अतिरिक्त घंटे मायने नहीं रखते, बल्कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाला खुश स्वस्थ व्यक्ति ही उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में लाखों लोग नौकरी की तलाश में हैं जिनकी सेवाओं का उचित योजना के माध्यम से उपयोग करने की आवश्यकता है।**

ट्रेड यूनियनों ने प्रति सप्ताह 70 घंटे के काम को अस्वीकार कर दिया है क्योंकि यह स्पष्ट रूप से श्रमिकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत समय सीमा के खिलाफ है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, भारत में लोग काम पर अधिकतम समय बिताते हैं लेकिन उन्हें सबसे कम वेतन मिलता है। इसका मतलब यह है कि श्रमिकों का बहुत अधिक शोषण और कानून का उल्लंघन हो रहा है। यह संगठित और गैर-संगठित दोनों क्षेत्रों पर लागू होता है।

उदाहरण के तौर पर, शताब्दी एक्सप्रेस और वंदे भारत जैसी विशेष ट्रेनों में खानपान सेवाओं में काम करने वाले कर्मचारी कम वेतन पर प्रति दिन लगभग 18 घंटे काम पर बिताते हैं। ऐसे लाखों लोग हैं जो मिठाई की दुकानों में काम कर रहे हैं या गिग कर्मचारी हैं जो हर दिन काम पर समान संख्या में घंटे बिताते हैं। नये तकनीकी विकास के आगमन के साथ, कंपनियों का उत्पादन कई गुना बढ़ गया है, उनका लाभ भी कई गुना बढ़ गया है, लेकिन लाभ शायद ही श्रमिकों तक पहुंच पाया है।

अतिरिक्त कामकाजी घंटों के स्वास्थ्य प्रभाव का अध्ययन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि यदि श्रमिक स्वस्थ और खुश हैं तो उत्पादकता बढ़ती है। थका हुआ व्यक्ति कभी भी बेहतर उत्पादन नहीं दे सकता। वे अधिक दुर्घटनाओं और गलतियां करने के लिए भी उत्तरदायी हैं। हमारा जीव लगातार 8 घंटों तक उत्पादक होने में असमर्थ है, विशेष रूप से 'सर्कैडियनरिद्म' के कारण, यानी हमारे दैनिक जैविक चक्र के कारण। हमारा शरीर दिन के दौरान कैसे प्रतिक्रिया करता है यह कई कारकों पर निर्भर करता है-हमारे हार्मोन, हमारा आहार, दिन के उजाले के संपर्क में आना आदि। इन मुद्दों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों ने पाया है कि हमारे पास एक बहुत विशिष्ट जैविक लय है। इस प्रकार, हम दिन के निश्चित समय में बौद्धिक और शारीरिक रूप से अधिक उत्पादक होते हैं। तो यह मैन्युअल रूप से या स्क्रीन पर सभी कार्यों को प्रभावित करता है जैसा कि आजकल कई युवा कर रहे हैं।

हालांकि प्रबंधकों को उम्मीद है कि उनके कर्मचारी कार्यदिवस के सभी घंटों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, लेकिन यह एक अवास्तविक उम्मीद है। कर्मचारी हर समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाह सकते हैं, लेकिन उनकी प्राकृतिक सर्कैडियन लय हमेशा इस इच्छा के अनुरूप नहीं होगी।

25 सितंबर 2017 को यूमैटर में प्रकाशित एक लेख: 'क्या कम कामकाजी दिन एक खुशहाल, स्वस्थ और अधिक उत्पादक जीवन का रहस्य है?' के अनुसार, दिन में 8 घंटे से अधिक समय तक कार्यालय में रहना समग्र स्वास्थ्य के खराब होने से जुड़ा हुआ है। इतना ही नहीं हृदय रोग या तनाव संबंधी रोग विकसित होने का जोखिम 40 प्रतिशत अधिक रहता है।

वैज्ञानिक आम तौर पर इस बात से सहमत हैं कि आदर्श दैनिक कामकाजी समय लगभग 6 घंटे है, और सुबह में अधिक केंद्रित होता है।

इंश्योरेंस जर्नल द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, अधिक काम करने से घायल होने का खतरा 61 प्रतिशत बढ़ जाता है, साथ ही मधुमेह, गठिया और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

शोध से यह भी पता चलता है कि अधिक काम करने से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को कितना नुकसान हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में पाया गया कि हर हफ्ते औसतन 55 घंटे या उससे अधिक काम करने से औसतन 35-40 घंटे काम करने वालों की तुलना में स्ट्रोक का खतरा 35प्रतिशत और हृदय रोग से मरने का खतरा 17प्रतिशत बढ़ जाता है।

कार्यस्थल पर अधिक काम करने से हमारी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग लंबे समय तक काम करते हैं, उनमें प्रमुख रूप से अवसादग्रस्त होने की संभावना दोगुनी होती है, खासकर यदि वे प्रति दिन 11 घंटे से अधिक काम करते हैं।

कर्मचारियों को प्रेरित और संतुष्ट रखने के लिए कार्यस्थल संस्कृति महत्वपूर्ण है। यह भी महत्वपूर्ण हो कि काम करने के लिए सकारात्मक माहौल बनाया जाये और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाये।

निर्णय कर्ताओं और नीति निर्धारकों को यह महसूस करना चाहिए कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाले स्वस्थ कार्यबल और सुरक्षा और स्वास्थ्य की गारंटी के बिना, उत्पादकता बुरी तरह प्रभावित होगी जो देश, समाज और नियोक्ताओं के हितों के लिए हानिकारक होगी।

श्री मूर्ति को यह समझना चाहिए कि उत्पादकता के लिए काम के अतिरिक्त घंटे मायने नहीं रखते, बल्कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाला खुश स्वस्थ व्यक्ति ही उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में लाखों लोग नौकरी की तलाश में हैं जिनकी सेवाओं का उचित योजना के माध्यम से उपयोग करने की आवश्यकता है।

नारायण मूर्ति को इसके बजाय मुद्रास्फीति के अनुसार श्रमिकों के वेतन के बारे में बात करनी चाहिए और उन्हें कंपनियों के वास्तविक मुनाफे के अनुरूप बनाना चाहिए। उन्हें उन लोगों को बेनकाब करना चाहिए था जो कर चोरी कर रहे हैं और बैंकों से लिया गया ऋण वापस नहीं कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 10 वर्षों में बैंकों का एनपीए 25 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गया है।

**पावन प्रसंग**

## एकाग्रता की शक्ति

मन जब एक बिंदु पर एकाग्र हो जाता है तो किसी भी कार्य को हम अच्छी तरह से सम्पन्न कर सकते हैं। विद्यार्थी जीवन हो या नौकरी, व्यापार, समाजसेवा हो या धर्म, अध्यात्म का क्षेत्र। एकाग्रता की शक्ति ही व्यक्ति को सफल बनाती है, यही निर्धारित क्षेत्र में सिद्धि की कुंजी है। मन की शक्तियां सूर्य की रश्मियों की भांति होती हैं, जो सामान्यतया बिखरी रहती है व इनके साथ दैनिक जीवन के सामान्य क्रियाकलाप चलते रहते हैं, लेकिन जब इन्हीं किरणों को आतिशी शीशे से गुजारा जाए तो ये ही बिखरी किरणें एक बिंदु पर एकाग्र होकर अपना चमत्कार दिखाती हैं। इनके संपर्क में जो भी कागज, लकड़ी आदि के टुकड़े आते हैं वे प्रज्वलित होकर अग्निमय हो जाते हैं। सूर्यकिरणों की इस प्रचंड शक्ति का रहस्य इनकी एकाग्रता में ही छिपा हुआ रहता है।

इस तरह व्यक्ति के जीवन में मन की एकाग्रता उसे संबंधित क्षेत्र में उत्कर्ष के शिखर तक ले जाती है, लेकिन अधिकांश लोग उसका पूर लाभ नहीं ले पाते। उनके मन की शक्तियां बिखरी रहती हैं। इस बिखराव के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मोटे तौर पर मुख्य कारण रहते हैं-ध्येय निष्ठा का अभाव। पर्याप्त नींद न ले पाना, शारीरिक सक्रियता का अभाव, आहार-विहार सबधी व्यतिक्रम और प्रतिकूल वातावरण। सूचना विस्फोट के युग में आजकल सूचनाओं का अंबार मन को उलझाए रखता है, मोबाइल फोन मन की एकाग्रता को भंग करने के लिए जैसे तत्पर रहता है। इसके बाद अधूरी नींद एकाग्रता के अभाव का एक बड़ा कारण अन्यमनस्क एवं बिखरा सा रहता है, पूरी तरह से एकाग्र नहीं हो पाता।

पर्याप्त शारीरिक सक्रियता का अभाव भी मन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, शरीर में कई तरह की परेशानियां उभरना प्रारंभ हो जाती हैं, जो मन को स्थिर व एकाग्र नहीं होने देतीं। पौष्टिक एवं सात्विक आहार के अभाव में मन को उचित पोषण नहीं मिल पाता, साथ ही तामसिक एवं राजसिक आहार मन को चंचल व जड़ बनाए रखते हैं, ऐसे में एकाग्रता कठिन हो जाती है।

इनके साथ वातावरण में विद्यमान ध्वनि से लेकर वायु प्रदूषण जैसे कारक एकाग्रता के लिए चुनौती बने रहते हैं और अंततः बिगड़ी दिनचर्या एवं अनुशासनहीनता, मन की अस्थिरता एक अहम कारण रहती है। अतः मन को एकाग्र करने के लिए सर्वप्रथम मन की एकाग्रता को भंग करने वाले कारकों को एक-एक करके कम करने का प्रयास करें।

उदाहरणतया, कार्य के समय अपने मोबाइल फोन को नजरों से दूर ही रखें। शोध के आधार पर स्पष्ट हो चुका है कि जब मोबाइल नजरों से दूर रहता है, तो एकाग्रता बेहतर होती है। अतः गंभीर कार्य के समय इसे किसी दूसरे कमरे में या बैग में या फ्लाइट मोड में रखें। आप अनावश्यक व्यवधानों से बचे रहेंगे व एकाग्र होकर कार्य कर पाएंगे। फिर कार्य पूरा होने पर एक निर्धारित समय में मोबाइल को चेक कर सकते हैं व इससे जुड़े आवश्यक कार्यों को निपटा सकते हैं।

**अखंड ज्योति**

**आपके पत्र**

## विचारों और घर से गंदगी दूर करना ही पर्व की सार्थकता

पौराणिक कथाएं प्रतीकात्मक होती हैं, उनका सामाजिक, राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक प्रतीक होता है और उस प्रतीक को सूचित करने के लिए, एक विशेष लक्ष्य को उद्घाटित करने के लिए धार्मिक एवं पौराणिक रंग में रंग दी जाती है, ताकि लोक नीरस बात को सरसता के साथ समझ सकें, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कृत्य को धर्म के रूप में कर सकें। चातुर्मास के प्रारम्भ के दो मास वर्षा ऋतु के होते हैं, वर्षा के कारण गांव, नगर, गली, सड़क, राजमार्ग चारों तरफ गंदगी, कीचड़, सीलन आदि की भरमार होती है। उस कारण ढांस, मच्छर आदि अनेक प्रकार के जहरीले कीट-पतंग पैदा हो जाते हैं। जगह-जगह पानी सड़ता है, कूड़ा सड़ांध पैदा करता है और उस पर तरह-तरह के जहरीले मच्छर, कीड़े अण्डे देते हैं। बीमारियां फैलाते हैं। डेंगू का प्रकोप हम देख चुके हैं। इस प्रकार की संक्रामक बीमारियां वर्षा ऋतु के बाद फैलती हैं, गांवों-शहरों का वातावरण एकदम नरक जैसा गंदा हो जाता है। उस नारकीय गंदगी को दूर कर सफाई-स्वच्छता करने के लिए नरकासुर को मारना पड़ेगा अर्थात दूर करके स्वच्छता-सफाई करना ही नरकासुर का नाश करना है।

जहां निरन्तर अंधकार रहता है। सूर्य-चन्द्र की किरणें नहीं पहुंचती हैं। जहां हर समय कीचड़ फैला रहता है। भूमि में दुर्गन्ध आती हो और अशुचिता चारों तरफ गन्दगी के अशुचि के ढेर लगे हों, जहां के वातावरण में क्षणभर भी ठहरने को मन नहीं होता हो, ऐसे अपवित्र स्थान को नरक कहा गया है। नगर, गली, भवन आदि जहां पर भी इस प्रकार की गन्दगी हो. वह स्थान वास्तव में नरक ही माना जाता है। लोग नहा-धोकर कपड़े साफ-सुथरे पहनते हैं, घरों पर सफेदी व कीमती रंग-रोगन करते हैं, किन्तु दूसरी तरफ उनके रसोईघरों के पास कूड़ेदान में भिनभिनाते मच्छर, मखियां रहती हैं। नालियों पर कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। जहां से निकलना भी मुश्किल होता है। यह कैसी सफाई है? सफाई में भी विवेक होना चाहिए। अपना घर अपना मुहल्ला अगर साफ रखने की आदत बन जाये तो गन्दगी अपने आप दूर हो जायेगी।

भीतर की सफाई भी करो-यह तो हुई बाहरी सफाई की बात केवल बाहरी सफाई करने से ही चतुर्दशी की सार्थकता नहीं होती। बाहरी सफाई के साथ मन की सफाई, जीवन की सफाई भी जरूरी है। मन में अपवित्र विचार भरे हों, दूसरों निन्दा, चुगली, ईर्ष्या का कूड़ा पड़ा हो, काम-क्रोध की अशुचि सड़ रही हो तो मन कैसे होगा? मन की सफाई करना भी जरूरी है। तेरस के पहले-पहले आपने घर, दुकान, मकान सब साफ-सुथरे कर लिये, लीप-पोत, झाड़-बुहारकर कचरा हटा दिया, यह तो एक तरह की तैयारी हो गई। फिर तेरस आई, तो कुछ परोपकार का सेवा का, दीन-दुखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प किया, सेवा की तब धनतेरस मन गई। अब विचारों की शुद्धि से भावनाओं से, मन की पवित्रता से, चिन्तन ध्यान सद्भाव को और मांजकर उज्ज्वल कर लिया तो नरक चतुर्दशी सार्थक हो गई। यह दोनों पर्व दीपावली की तैयारी के हैं। दीपावली कैसे मनानी है यह इसका साफ-साफ सन्देश इन दोनों पर्वों में बता दिया है। नरक चतुर्दशी का एक सन्देश है-नरक के कारणों से बचने का चिन्तन। मन की गन्दगी, विचारों की अपवित्रता तो नरक का कारण क्या, प्रत्यक्ष नरक है। इसके अलावा शास्त्रों में नरक के अन्य अनेक कारण बताये हैं। सागर की तरह सब कुछ बता दिया है। हिंसा, धन की लालसा, तीव्र आसक्ति, मांसाहार-जिह्वा के स्वाद की लिप्सा, संक्षेप में चार बातों के द्वारा महावीर ने बता दिया है-जो व्यक्ति पीछे बताये दुर्गुणों से युक्त होगा, उसका यहां भी जीवन अशान्त होगा, उद्विग्न होगा और मरकर परलोक में भी नरक में जायेगा।

नरक चतुर्दशी के दिन आप दोनों पक्षों पर विचार करें, बल्कि जीवन के पक्षों पर विचार तन को, जीवन को, परिवार को समाज व राष्ट्र को नरक से बचाने का प्रयास करें। बाहरी गन्दगी से भी मुक्त हो।

**कांतिलाल माडोत, सूरत**

## सार समाचार

### फसल बेचकर जा रहे पिता-पुत्र से मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत फसल बेचकर आ रहे ग्राम कांठी निवासी किसान पिता-पुत्र के साथ दो शराबी व्यक्तियों ने रास्ता रोकर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी दीपक पुत्र फूलसिंह भील ने घायल अवस्था में अपने पिता फूलसिंह के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह और उनके पिता अपने ट्रेक्टर से बीनागंज मण्डी में मक्का बेचकर अपने घर जा रहे थे। रात करीबन 8 बजे वह ट्रेक्टर से ग्राम भूकनी एवं बमूरपुरा के बीच के रास्ता में पहुचे तो यहां शिवराज भील निवासी बमूरपुरा, पर्वत भील निवासी मोरतलाई ने रास्ते में मोटर सायकिल लगाकर ट्रेक्टर रोक लिया। इस दौरान दोनों ने शराब के नशे में गाली गलौंच कर पत्थर से हमला कर दिया। जिसमें पिता-पुत्र के गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट में दोनों के मोबाईल पर गिर गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 077/24 धारा 341, 323, 294, 506, 427, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### दीवाल पोतने को लेकर भिड़ी काकी सास और बहू

**गुना, देशबन्धु।** विजयपुर थानांतर्गत दीवाली की सफाई के दौरान काकी सास और बहू आपस में भिड़ गए। विवाद में काकी सास ने फडुआ, डंडे से मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया रचना पति सोनू मीना ( 25) निवासी रेलवे क्रॉसिंग राघौगढ़ थाना विजयपुर ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत दोपहर वह अपने घर के बाहर दीवाल पोत रही थी। तभी उसकी काकी सास उर्मिला मीना आई और बोली कि दीवाल क्यों पोत रही हो। जिस पर मैंने कहा कि मेरी दीवाल है मैं तो पोतूगी। इसी बात पर से उर्मिला मीना ने गाली गलौंच कर फडुआ में एवं लाठी डंडे से मारपीट कर दी। जिसमें बहू रचना को चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी काकी सास पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### अनियंत्रित होकर पलटा पिकअप वाहन

**गुना, देशबन्धु।** जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत ग्राम आवन के पास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर कार से टकराकर पलट गया। जिसमें एक चालक एवं सहचालक घायल हो गया। जिन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों ने वाहन से निकालकर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आवन भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवन के पास बुधवार दोपहर को एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसकी जानकारी तत्काल स्थानीय लोगों ने डायल-100 और एम्बुलेंस को दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से वाहन में फंसे चालक को निकाला और उपचार के लिए एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस आरक्षक अजय शर्मा तथा पायलेट संजीव मीणा ने बताया कि पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर कार से टकरा कर पलट गया था। जिसमें एक व्यक्ति सामान्य रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आवन पहुँचाया गया।



विद्युत बल्ब की लड़ियों की मांग तेज

# दीपोत्सव पर्व के लिए सजा बाजार, खरीदारी करने उमड़ रही भीड़

**गुना, देशबन्धु।** पांच दिवसीय दीपावली पर्व को लेकर जहां नागरिकों में उत्साह है वहीं बाजार में भी चहल पहल बनी हुई है। दीप पर्व को लेकर मिट्टी के दीपकों की दुकान पर नागरिक अपनी पसंद की खरीदी कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक, कपड़ा, सराफा, आटोमोबाइल शोरूम पर ग्राहकों की भीड़ है। दीप पर्व पर हिन्दू धर्म मे प्रमुख त्योहार के रूप में मनाया जाता है। धनतेरस रूप चतुर्दशी मुख्य दीपावली पड़वा और भाई दूज तक दीपावली की चहल-पहल बनी रहती है। इसको लेकर बाजार में खासा उत्साह दिख रहा है। बाजार में खरीदारी के रूप में नागरिक मिट्टी के बने दीपक घर के सजावट का सामान, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, नए वाहन, आभूषण सहित कपड़ों की दुकान पर खरीदारी कर रहे हैं। जिसके कारण बाजार में दो दिनों से भारी भीड़ उमड़ रही है। शहर से लेकर गांवों तक के लोग दीपावली के पर्व को लेकर अपनी खरीदी कर रहे हैं। रोशनी का पर्व दीपावली 10 नवंबर से शुरू होगा। प्रकाश पर्व के पूर्व शहर के बाजार में रौनक नजर आने लगी हैं। मंगलवार को प्रमुख बाजार में खासी चहल-पहल नजर आई। पर्व के पूर्व लोग घर-आंगन और दुकानों की सफाई के साथ रंगाई-पुताई के साथ साज-सज्जा में जुटे हुए हैं। वहीं सजावट के बाजार में आर्टिफिशियल फूल, गमले और विद्युत बल्ब की लडियों की मांग तेज हो गई हैं।



शहर के हाट रोड, रपटा, नीचला बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, पुरानी मंडी सहित अन्य जगहों पर देशी दीपक के साथ घर-आंगन को सजाने वाली रंगोली के रंग बिकने लगे हैं। स्थाई व अस्थाई दुकानों पर लोग जरूरत की सामग्री खरीद रहे हैं। रंगोली के रंगों के साथ टाइल्स पर चिपकाने की रेडिमेड रंगोली और रंगों से आकर्षक डिजाइन बनाने के लिए रांगोली के सांचे महिलाओं व बालिकाओं को पसंद आ रहे हैं। दीप पर्व के पूर्व बाजार में प्रतिष्ठानों पर विद्युत सज्जा लुभाने लगी हैं। वहीं मिठाई और नमकीन व्यवसायियों ने भी नीत-नई वैरायटी, स्वाद के मिष्ठान तैयार किए जाने लगे हैं।

**घरों की सजावट का सामान हुआ महंगा :** दीप पर्व पर लोग घर-आंगन की पुताई करने लगे हैं। इस दौरान प्लास्टिक पेंट, आइल पेंट, डिस्टेंपर आदि के भावों में वृद्धि हुई हैं। हालांकि पर्व के मद्देनजर लोग आवश्यकता अनुसार खरीदने पहुंच रहे हैं। वहीं पर्व के दौरान घर-दुकान की पुताई करने वाले लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होने लगे हैं। पुताई करने वाले रामसिंह ने बताया कि पुताई का काम वर्षभर चलता हैं, लेकिन दीपावली के पूर्व सप्ताह तक काफी व्यस्तता रहती हैं। इसका कारण लोग दीपावली पर घर-आंगन सजाते हैं। साथ ही देवउठनी के बाद वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होने से अगले कुछ माह अच्छा कामकाज चलने की उम्मीद हैं।

संजय स्टेडियम के बास्केटवॉल मैदान

## स्वीप अभियान : खेल प्रतियोगिताओं से किया मतदाताओं को जागरुक



**गुना, देशबन्धु।** जिलेभर में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज हॉकी, एथलेटिक्स एवं बास्केटवॉल खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन संजय स्टेडियम तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल गुना के एथलेटिक्स मैदान पर किया गया। इस अवसर पर संजय स्टेडियम के बास्केटवॉल मैदान पर शिवानी पांडे डिप्टी कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफीसर बमौरी, एसएस सिसौदिया जिला शिक्षा अधिकारी, बीके तिवारी प्राचार्य महाविद्यालय गुना उपास्थित रहे। प्रतियोगिता प्रारंभ करने से पूर्व मार्च पास्ट किया गया इसके उपरांत खिलाडियों को निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। इसके बाद एथलेटिक्स खेल के खिलाड़ी श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल के एथलेटिक्स मैदान पर तथा हॉकी, बास्केटवॉल खेल के खिलाडी संबंधित मैदानों पर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रवाना हुये। एथलेटिक्स, हॉकी एवं बास्केटवॉल खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाडियों को बुधवार को शुभ विदाई गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में पुरूस्कृत किया जावेगा। कार्यक्रम में मार्च पास्ट यशवंत शर्मा एन.सी.सी. प्रभारी द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कई खिलाड़ी ऐसे भी रहे जो प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। श्रीमती शिवानी पांडे डिप्टी कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफीसर बमौरी द्वारा प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवाओं से निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई। उक्त प्रतियोगिता को सम्पन्न कराये जाने हेतु खेल और युवा कल्याण विभाग को नोडल बनाया गया था। कार्यक्रम में मंच का संचालन आशीष टांटिया प्राचार्य मॉडल स्कूल गुना द्वारा तथा आभार दुर्गेश चंद सक्सैना द्वारा किया गया।

इसी क्रम में आज मतदाता विशेष जागरूकता अभियान मिशन के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 102, नगरपालिका नर्सरी भवन जगनपुर चक गुना में मतदाताओं को आने वाले विधानसभा चुनाव में अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई, साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में आशुतोष श्रीवास्तव नोडल अधिकारी, स्वीप के अवधेश अवस्थी, अजय श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार साहू,गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, संजय सोनी, महेंद्र राठौर, मो. राशिद फारूकी, समस्त सदस्य बीएलओ ब्रजेश श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति अहिरवार सहित मतदाता उपस्थित थे।

## बमोरी के ग्रामीण अंचलों में पहुंच रहे कांग्रेस प्रत्याशी अग्रवाल

**गुना, देशबन्धु।** बेरोजगारी पर कसेंगे लगाम सरकारी पदों पर होंगी भर्तियां तमाम, महिलाओं को सम्मान बच्चों का उज्जवल भविष्य जैसे नारों के साथ बमोरी से कांग्रेस के युवा प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ग्रामीण मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। यहां उनका ग्रामीण उत्साह के साथ स्वागत कर रहे हैं। इस मौके पर बुधवार को श्री अग्रवाल डोंगरपुर, देहरी, पुरा लोहारी, बरखेड़ा, गढ़लामार, रायसलैया, किशनपुर, नागफली सलैया, गोपालपुर, भोटूपुरा, धामुनिया, विटहलपुर, पडुअन, गेहूंखेड़ा, डोंगरी, किलामपुर, करनाटका, कलेछरी, सुआटोर, रेहपुर, पीपलखेड़ी आदि दर्जनों गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच जनसंपर्क किया। इस मौके पर उन्होंने आगामी 17 नवंबर को बमोरी में विकास के लिए परिवर्तन लाने की अपील की। इस मौके पर जनता का प्रेम प्रत्याशी को देखते ही बना रहा था।

जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गांव-गांव में कांग्रेस के युवा प्रत्याशी श्री अग्रवाल का जोरदार स्वागत हो रहा है। दौरे के दौरान श्री अग्रवाल ने घर-घर जाकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर निशाना बनाते हुए कहा कि बमोरी अंचल में विकास नहीं हुआ है। बमोरी ग्रामीण क्षेत्र कृषि बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद विकास कार्यों को गर्त में पहुंचा गया है। जनता ऐसी पार्टी को बेदखल करने का मूड बना चुकी है। कांग्रेस से उनके चुनाव जीतने के बाद यहां के विकास को पंख लगेंगे। पूरे बमोरी क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।

उन्होंने क्षेत्र में किसानों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति, बांधों एवं डेमों का निर्माण, सडकों का जाल सहित अन्य विकास कार्यों को अपनी प्राथमिकता बताई। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए आम व्यक्तियों से राय ली जाएगी। उसी के अनुसार काम किया जाएगा। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि कमलनाथ जी अपने वचन के पक्क हैं। वह जो कहते हैं वह करते हैं।

कांग्रेस ने जनहित वचन पत्र के माध्यम से सभी वर्गों के हित में घोषणा की है। इसी कारण हमें सभी वर्गों से जनसहयोग प्राप्त हो रहा है। उससे स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि प्रदेश में कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

## भारत स्काउट एवं गाइड ने 74 वां स्थापना दिवस मनाया



**गुना, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा अपना 74 वां स्थाना दिवस मनाया गया। इस मौके पर रंगोली, पोस्टर, भाषण, गीत, प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य मुख्यालय भोपाल के आदेश अनुसार जिला कलेक्टर तरूण राठी पदेन जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ गुना के एवं जिला मुख्य आयुक्त आलोक जैन एवं जिला कमीशनर चन्द्रशेखर सिसोदिया जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड के 74 वें स्थापना दिवस शांति विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी विद्यालय कर्माखेड़ी रूठियाई में मनाया। स्काउट मास्टर आदर्श कुमार प्रजापति ने बताया कि 74 वें स्थापना दिवस आज सर्व प्रथम भारत स्काउट एवं गाइड मना रहा है। इस वर्ष मतदाता जागरुकता पर कार्य किया जा रहा हैं। इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली, पोस्टर, भाषण, गीत, प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय प्राचार्य जितेन्द्र धाकड़, विद्यालय संचालक आशीष शंकर तिवारी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। समापन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्काउट गाइड प्रतिज्ञा, नियम, प्रार्थना, झंडा गीत किया गया। जिला संघ के स्वीप प्लान के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत दलों के माध्यम से पखवाड़ा मनाया गया था । कार्यक्रम की सराहना प्रताप नारायण मिश्रा जी (स्काउट एंड गाईड सचिव), जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट (डीओसी) जिला गुना संघ द्वारा की गई। कार्यक्रम में शैली चौहान, सिद्धि राजपूत, वंशिका धाकड़, पुष्पेन्द्र चौहान, राहुल राजपूत, आकाश बंजारा आदि बच्चें उपस्थित रहे।

## सामान्य प्रेक्षक द्वारा किया गया मतदान केन्द्रों का किया जा रहा है सतत निरीक्षण

**गुना, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र 29-गुना हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक नूह पी बावा द्वारा आज गुना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गन विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। विधानसभा चुनाव 2023 के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनाव निष्पक्ष कराने हेतु प्रेक्षक द्वारा भी अपनी गतिविधियां तेज कर दी गई हैं।



इसी क्रम में सामान्य प्रेक्षक द्वारा आज गुना विधानसभा के विभिन्न 11 स्थानों पर बनाये गये 15 मतदान केन्द्रों का सघन निरीक्षक किया गया, जिनमें 3 संवेदनशील मतदान केन्द्र शामिल हैं। निरीक्षण किये गये मतदान केन्द्रों में बरखेडाहट, भादौर, पाली, नठाई, भूतमढी, घटावदा, बूढाखेड़ा, खामखेडा, मोहरीकलां, बरोद एवं बूढाडोंगर शामिल हैं। इनमें बरखेडाहाट, भादौर एवं बूढाखेडा संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं तथा खामखेडा मतदान केन्द्र गुना विधानसभा की सीमा पर स्थित है।

## भाजपा प्रत्याशी की बहनों ने उतारी आरती, जेसीबी से बरसाए फूल



**आष्टा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी गोपालसिंह इंजीनियर का ग्रामीण इलाकों में पहुंचने पर भारी स्वागत किया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान के तहत उन्हें वहां पर अपार उत्साह और भारी जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। उत्साह के साथ भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण जन गर्म जोशी के साथ गोपाल सिंह का भव्य स्वागत कर रहे हैं । राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा आज उनका स्वाागत किया गया। लाड़ली बहना की हितग्राही महिलाओं ने उनकी आरती उतारी, वहीं कार्यकर्ताओं ने उन पर जेसीबी से फूल बरसाए।

भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर सिद्धिकगंज मगरदा मंडल के ग्राम लसुड़िया विजय सिंह, नानकपुर, खामखेड़ा जत्रा में पहुंच कर पूर्व विधायक स्व रंजीत सिंह गुणवान को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और ग्रामीणजनों से संपर्क किया। जन सम्पर्क के क्रम में आगे खाचरोद, बारघटी बडलिया वरमाद, रोलगाव बडखोला, गुराडीया, मिट्ठूपुरा किलोद,मगरखेड़ी ,खेनियापुरा आदि में अपार समर्थन के साथ भाजपा प्रत्याशी और पदाधिकरी गण ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## महिला मोर्चा ने ग्रामीण क्षेत्रों में मांगे वोट



**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा महिला मोर्चे की कार्यकर्ताओं द्वारा आष्टा के प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर के पक्ष में मतदान की अपील की है। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभालते हुए घर-घर जाकर मतदाता को भाजपा की योजना की जानकारी दी। इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी श्री इंजीनियर को वोट देने की अपील की है। बुधवार को जन सम्पर्क अभियान के दौरान जिला पंचायत सीहोर की पूर्व अध्यक्ष कृष्णा इंजीनियर, चंदा बोहरा,संध्या बजाज, ऋतु जैन, डा सुरुचि सिंह, रूपाली चौरसिया, विनीता बाई, संगीताबाई, गिरजा कुशवाह, कांता पटेल, मनीषा बाई, निर्मला देवी, कृष्णा बाई, रचना वर्मा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रही।

पूर्व मंत्री सज्जन ने किया जीत का दावा, कहा

## कांग्रेस बहुमत के साथ सरकार बनाएगी

**आष्टा, देशबन्धु।** खातेगांव से देवास जाते समय पूर्व मत्री सज्जनसिंह वर्मा कुछ समय के लिए आष्टा रूके । जहां कांग्रेसीयो के बीच चुनावी चर्चा हुई। पत्रकारो के सवाल पर श्री वर्मा ने कहा कि चुनाव नजदीक है जबरदस्त कांग्रेस के पक्ष मे माहौल बना है। इस बार 150 पार से अधिक सीट लाकर कांग्रेस सरकार बनाएगी। आवाम इस राज्य की हमारे साथ है। किसानो पर बड़े बिजली के बिल के कारण प्रकरण दर्ज है। जिन्हे वापस लिया जाएगा।



किसानो को 5 हार्सपावर की मोटर का बिल माफ किया जाएगा। किसानो का कर्जा माफ किया जाएगा। आष्टा विधानसभा को लेकर सज्जनसिह वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने तीन बार गोपालसिंह इंजीनियर को टिकट दिया। अब वो हार गए तो कांग्रेस क्या करे। गद्दारो को मप्र की जनता पसंद नही करती। एक सेवक बनकर सेवा करते तो विधानसभा और लोकसभा का टिकट मिलता। गोपालसिंह को राजनीतिक लालच है उन्हे विधायक की कुर्सी चाहिए। 2018 में कांग्रेस के भाजपा ने विधायक खरीदे थे । इस पर श्री वर्मा ने कहा कि विधायक नही बिके थे बंधवा मजदूर बिके थे। राजा महाराजा के यहां गाय भैस ड्राईवर करते थे। इन्हे कांग्रेस ने टिकट दिया और वो कांग्रेस के नाम पर चुनाव जीते और विधायक बन गए। बंधवा मजदूर बिके है 95 विधायक आज भी हमारे साथ खड़े है। और मै यह बात पूरे विश्वास के साथ कह सकता हू। कि इस बार चुनाव कमलसिंह चौहान भारी मतो से जीतेगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद जाहिद गुड्डू की पुत्री के विवाह समारोह शामिल होकर उन्हे आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर एआईसीसी मेंबर हरपाल ठाकुर पार्षद जाहिद गुड्डू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवास मनोज रजानी,मुजफ्फर पटेल, सनव्वर खान,मकसूद खान, हाफिज चांद मियां, मुबारिकउद्दीन, नवाब बेरी, मनीष खत्री,सईद टेलर सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## हर 2-2 घंटे में मत प्रतिशत एप के माध्यम से की जाएगी रिर्पोटिंग



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण चारों विधानसभा 28-बमोरी, 29-गुना, 30-चांचौड़ा एवं 31-राघौगढ़ में 5 नवम्बर से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में अलग-अलग कक्षों में दिया जा रहा है, जो चौथे दिन भी जारी रहा। उक्त प्रशिक्षण 9 नवम्बर तक चलेगा। सभी विधानसभाओं में मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज विधानसभा क्षेत्र 28-बमोरी, 30-चांचौड़ा एवं 31-राघौगढ हेतु सामान्य प्रेक्षक ए. राधाबिनोद शर्मा द्वारा प्रशिक्षण कक्ष में जाकर प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि उक्त चारों विधानसभाओं में मतदान दलों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री निरंजन श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियो 1,2,3 के कार्य एवं दायित्व के बारे में विसतृत रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस को पीठासीन अधिकारी द्वारा हर 2-2 घंटे में मत प्रतिशत एप के माध्यम से रिर्पोटिंग किये जाने के संबंध में विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

साथ ही मतदान दल की रवानगी, मतदान केंद्र पर पहुंचने की जानकारी एवं मॉकपोल आदि के बारे में जानकारी भी एप के माध्यम से दी जा सकेगी।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस के माडल....** उज्जवला योजना के तहत गैस का कनेक्शन मिला है। इनमें से पौने 2 लाख बहन-बेटियां तो हमारे इस गुना की है। भाजपा की केंद्र सरकार ने इन समूहों को बैंकों से मिलने वाले लोन की राशि दोगुनी कर दी है। पहले इन समूहों को बिना गारंटी 10 लाख रुपये थी।

स्वागत भाषण देते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मोदी के मन मे मध्यप्रदेश है, तो वहीं मध्यप्रदेश के मन में भी मोदी हैं। इस बार हम 3 दीवाली मनाएंगे। पहली 12 तारीख को दीवाली के दिन, दूसरी दीवाली 3 दिसंबर को और तीसरी दीवाली 22 जनवरी को मनाएंगे, जब अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी।

सिंधिया ने भी यहां भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आमसभा को संबोधित किया। 10 विधानसभाओं में गुना जिले की बमोरी से महेन्द्र सिंह सिसौदिया, गुना से पन्नालाल शाक्य, चांचौड़ा से प्रियंका मीना पैंची और राघौगढ़ हीरेन्द्र सिंह बंटी बना के अलावा अशोकनगर जिले की चंदेरी और मुंगावली, शिवपुरी जिले की कोलारस, शिवपुरी और पिछोर विधानसभा के प्रत्याशी इसमे शामिल हुए। तबियत खराब होने के कारण अशोकनगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जजपाल सिंह जज्जी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

**चंबल अंचल पूरे....** सिंह कंषाना सुमावली, कमलेश जाटव अंबाह, सूबेदार सिंह रजौधा जौरा, सरला रावत सबलगढ़ सहित ग्वालियर जिले के प्रत्याशी माया सिंह, भारत सिंह कुशवाह , प्रद्युम्न सिंह तोमर, नारायण सिंह कुशवाह, मोहन सिंह राठौर, इमरती देवी सहित भिण्ड जिले से अरविंद भदौरिया, लाल सिंह आर्य, नरेन्द्र सिंह कुशवाह, राकेश शुक्ला मौजूद थे।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमारे सैनिकों से झूठ बोला था लेकिन मोदी ने वन रेंक वन पेंशन योजना लागू करने का वायदा किया था और इसे निभाया भी। 70 हजार करोड़ रुपये पूर्व सैनिकों को मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हथियारों के मामले में देश को विदेशी हथियारों पर ही निर्भर रखा। आज सीमा पर तैनात सैनिकों को आधुनिक सुविधाऐं दी जाती हैं। भाजपा सरकार ने बेटियों के लिए सेना में भर्ती के दरवाजे खोले हैं।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीब, आदिवासी व पिछड़ों का है। हमारी हरेक कल्याण योजना में सबसे बड़े लाभार्थी गरीब, दलित व आदिवासी हैं। उन्होंने कहा कि हमने गरीबों को पक्के आवास दिए। 48 लाख आवास बनाकर गरीबों को दिए। हर गरीब को पक्का घर देना मोदी की पक्की गारंटी है। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, मैं आपसे वायदा करता हूं कि गरीबों को मुफ्त अनाज आगामी पांच साल तक और दिया जाता रहेगा।

**वोट लेने....** लाडली बहन योजना लाकर कुछ लेना ही चाहते हैं न कि देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी बहनों से कहना चाहती हूं कि ऐसी सरकार चुनिए जो आपके लिए सही नियत के साथ काम करे। उन्होंने कहा कि संघर्ष के जीवन में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह मदद करे, खाद डीजल और बीज सभी चीजों में जीएसटी से भारी टैक्स वसूला जा रहा है।

वहीं आज शाम प्रियंका ने इंदौर में क्रमांक 1 से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला के समर्थन में एक रोड-शो भी किया। बड़ी संख्या में जनसैलाब उनके रोड के दौरान देखा गया। उन पर पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया गया।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### डिग्री कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरदा, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी है इसी क्रम में बुधवार को हरदा डिग्री कॉलेज में 351 दीप प्रज्वलित कर दीपों के माध्यम से हरदा करेगा मतदान लिखा गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने भी दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को विधानसभा निर्वाचन के लिए आगामी 17 नवंबर को मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

### केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की खिरकिया में आमसभा आज

**हरदा, देशबन्धु।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी 9 नवंबर को खिरकिया आएंगी। वह खिरकिया के लाल कुआं चौक पर भाजपा के पक्ष में एक आम सभा को संबोधित करेंगी। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी आशुतोष पाराशर ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी हेलीकॉप्टर से दोपहर 3:30 बजे खिरकिया पहुंचेगी। इसके बाद खिरकिया के लाल कुआं चौक पर भाजपा के पक्ष में एक आम सभा को संबोधित करेंगी।

### पानी के टांके में गिरकर डूबने से 17 माह के बच्चे की मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम मासोद में मंगलवार को खेलते खेलते एक 17 माह के मासूम बालक की घर के पीछे स्थित पानी के टांके में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया है। ग्राम मासोद निवासी नीलेश ठाकुर ने बताया कि मंगलवार की रात 8 बजे उसका इकलौता बेटा कार्तिक ठाकुर घर के सामने खेल रहा था।जिसके बाद कार्तिक दिखाई नही दिया,तो उसकी परिजनों द्वारा खोजबीन की गई। लेकिन पता नही चल सका। नीलेश की पत्नी शुभांगी ने रात्रि करीब 1.30 बजे घर के पीछे स्थित पानी के टांके में देखा तो कार्तिक पानी के टांके में दिखाई दिया। जिसे टांके से बाहर निकालकर परिजन उपचार के लिए वरुड़ अस्पताल ले गए।जिसे डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। नीलेश की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### थ्रेसर पलटने से 3 युवक घायल

**मुलताई, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा रोड पर स्थित ग्राम खैरवानी में बुधवार दोपहर अचानक से एक थ्रेसर पलट गई जिसके चलते तीन युवक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम लेंदागोंदी निवासी सतीश किशन परतेती उम्र 30 वर्ष, आकाश दीनू वरठे उम्र 21 वर्ष एवं विनेश पुत्र रंजू सिंह उम्र 22 वर्ष मक्के की दावन करने थ्रेसर लेकर खैरवानी गए हुए थे, जहां से वापस अपने गांव की ओर लौट रहे थे कि तभी अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और थ्रेसर पलट गई। जिसके चलते तीनों उसकी चपेट में आ कर घायल हो गए। तभी वहां से गुजर रहे जनपद सदस्य नितिन कौशिक ने अपने मित्र निखिल देशमुख, दीपू सूर्यवंशी के साथ उन्हें उठाया और अपने निजी वाहन से नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

### नुक्कड़ नाटक और रैली निकालकर किया जागरुक

**सिरोंज, देशबन्धु।** के.डी. बी. एम. इंटरनेशनल विद्यालय में मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया तथा शहर में रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य मनोज तिवारी ने छात्रों को मतदाता जागरूकता के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक रिंकेश जैन द्वारा किया गया। नाटक में अच्छा योगदान देने वाले सभी छात्र मानस चौरसिया, अभय दांगी, सन्नी सुमन, नितिन राजपूत, हर्ष यादव, जतिन रघुवंशी, प्रयाग लखपती, अभय यादव, पराग श्रीवास्तव, शौर्य प्रताप सिंह राजपूत को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा7 तथा विद्यालय के शिक्षक शांताराम मराठा , रिंकेश जैन, कृष्णा कुमार, सौरभ शर्मा, भागीरथ कुर्मी, सौरभ श्रीवास्तव, सुजीत कुशवाह , राजकुमार दांगी, अंजु निगम, नेहा श्रीवास्तव, मंजू लता सेन आदि मौजूद रहे।

# रिहायशी इलाके में अवैध रखे पटाखे जप्त, प्रकरण दर्ज

**पुलिस ने की छापामार कार्रवाई, बिना लाइसेंस मकान में रखा था 70 हजार का माला**



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के गांधी चौक रिहायशी इलाके में बिना लाइसेंस अपने मकान में पटाखो का अवैध रुप से संग्रहण कर रखने वाले पटाखा व्यापारी के यहां पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए 70 हजार रुपए के विस्फोटक पदार्थ फटाखे जप्त कर केस दर्ज किया गया है।

टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि नगर के रिहाइशी क्षेत्र गांधी चौक में अमित पिता विनय भार्गव के मकान के कमरे में अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ रखने की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक अमित पवार, संदीप परतेती, प्रधान आरक्षक पुष्पा धुर्वे,आरक्षक अरविंद, विवेक, सेवाराम की टीम बनाकर दबिश दी गई तो अमित भार्गव मौके पर उपस्थित नहीं था। अमित को बुलवाकर कमरा खुलवाया गया तो कमरे में पॉप कम्पनी के 17 पैकेट पटाखे, कलर शार्ट 37 पैकेट, फुलझड़ी 267 पैकेट, चकरी 52 पैकेट, अनार 76 पैकेट, टिकली 49 पैकेट, मंगल पटाखा 5 पैकेट, कलर 3 पैकेट, सुतली बम 90 पैकेट, ताजमहल पटाखा 19 पैकेट, डीलक्स पटाखा 15 पैकेट, तोता पटाखा 24 पैकेट कुल 70 हजार रुपए के पटाखे रखे पाए गए। अमित भार्गव द्वारा ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण कर रखने संबंधित लाइसेंस पूछने पर नहीं होना बताया। थानाप्रभारी ने बताया कि आरोपी द्वारा ज्वलनशील पटाखों का रिहाइशी इलाके में भण्डारण किया गया जो आमजन के लिए बहुत घातक होने के साथ जनहानि की प्रबल संभावना थी। वहीं वर्तमान में चुनाव आयोग द्वारा 9 अक्टूबर से आचार संहिता लागू की है। इसी दिन कलेक्टर बैतूल द्वारा आदेश जारी किए है कि जिले की राजस्व सीमा के भीतर कोई व्यक्ति का समूह इस आदेश के जारी होने के बाद विस्फोटक पदार्थ,पटाखा,बारूद आदि का संग्रहण, परिवहन नही करेगा। उक्त आदेश की अवहेलना की गई है। पुलिस द्वारा आरोपी अमित भार्गव के खिलाफ धारा 285,188 भादवि एवं विस्फोटक अधिनियम की धारा 5,9(ख)3,4 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# भाजपा आम जनता का ध्यान भटका रही: पांसे



**मुलताई, देशबन्धु।** भाजपा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं, मूलभूत सुविधाओं, विकास के मुद्दो से आम जनता का ध्यान भटकाते हुए राजनीति करती है। यह बात विधायक एवं कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव पांसे ने चुनाव प्रचार के दौरान कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य और नजूल की समस्या,परिवहन की समस्या या शुद्ध पेयजल की समस्या हो मैने सदैव क्षेत्र की जनता के सुख दुख का ध्यान रखते हुए जनता को लाभ पहुंचाने और समस्याओं के निराकरण करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रत्येक नागरिक की समस्याओं का निराकरण कर शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया परंतु भाजपाई नेताओं ने हमेशा रोढ़े अटकाने का काम किया। उन्होंने कहा कि 30 वर्षों से मुलताई के सांसद भाजपा के है। उन्होंने मुलताई को तीस वर्षों में एक भी ऐसा कोई काम नही कराया जिससे आम जनता को कोई राहत मिली हो। चुनाव प्रचार में विधायक सुखदेव पांसे ने खेड़ीकोर्ट, एनखेड़ा,गांगई, भैंसादंड,मलाल खापा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। पांसे ने सुरेश करोले, चंद्रभान महाजन, नरेन्द्र करोले, कुंडलीक डांगे, युवराज निमनवाड़ा, हेमंत वागद्रे, अरुण गोठी, नवनीत मालवीय , राजेश गावडे को साथ लिए लगभग एक दर्जन गांवों में जनसंपर्क किया।

# गंज क्षेत्र में ढोल-ढमाकों के साथ डागा ने किया जनसंपर्क



**बैतूल, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी निलय विनोद डागा ने बुधवार को गंज क्षेत्र में जनसम्पर्क किया। वह ढोल ढमाकों के साथ निलय डागा जनसम्पर्क के लिए निकले। डागा ने गंज क्षेत्र के प्रत्येक घरों और परिवारों में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। डागा का जनसंपर्क के दौरान जगह जगह स्वागत किया गया। जनसम्पर्क के दौरान बैतूल विधान सभा के ग्रामों से कार्यकर्ता और ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे थे। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा के बड़े भाई नीरज डागा और निलय डागा की पत्नी दीपाली निलय डागा ने निलय डागा के लिए भावुकता के साथ समर्थन मांगा। श्री डागा का जनसम्पर्क मेकेनिक चौक गंज से होता हुआ मस्जिद चौक, हाथी नाला, गुबरेले गली, होटल आई सी इन होते हुए जैसे ही तांगा चौक पहुंचा। इसके पश्चात डागा शनिमंदिर के सामने से होते हुए राधाकृष्ण धर्मशाला पहुंचे जहां जनसम्पर्क का समापन किया गया।

जनसम्पर्क के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा, कांग्रेस प्रदेश सचिव समीर खान, जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, सेवा दल अध्यक्ष अनुराम मिश्रा,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरू शर्मा ,नारायण धोटे, कैलास पटेल आदि मौजूद रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली साइकिल रैली

**बच्चों ने माता-पिता को मतदान करने के लिए पत्र भी लिखे**



**सारनी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को लेकर 17 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने भारत निर्वाचन आयोग एवं मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार नगर पालिका द्वारा स्वीप प्लान के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को स्कूली बच्चों ने साइकिल रैली,मानव श्रृंखला का आयोजन किया। इसके अलावा बच्चों ने माता-पिता को मतदान करने के लिए पत्र भी लिखे। कन्या स्कूल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम, स्कूल के प्राचार्य अवधेश कुमार बर्डे ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। साइकिल रैली में कन्या स्कूल की छात्राओं के साथ केंद्रीय विद्यालय सारनी,सेंट मार्क स्कूल, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी,नवचेतना स्कूल एवं गायत्री विद्यापीठ सारनी के बच्चों ने भी हिस्सा लिया। रैली कन्या स्कूल से शुरू होकर मस्जिद चौक, एसबीआई चौक, गेस्ट हाउस होती हुई जय स्तंभ पहुंची। यहां केंद्रीय विद्यालय तक मानव श्रृंखला बनाई गई। सड़क के दोनों ओर खड़े बच्चों ने सड़क से आवागमन करने वाले मतदाताओं को नारों के माध्यम से जागरूक किया। इसके बाद साइकिल रैली शॉपिंग सेंटर,ओल्ड ई कॉलोनी, जी टाइप कॉलोनी होते हुए रैली वापस विद्यालय परिसर में पहुंची। इस अवसर पर प्रभारी,रंजीत डोंगरे,सहायक निराकार सागर,कीर्ति नायक,बुधराम मोहबे,राकेश डोंगरे,कामदेव सोनी,अनिल लिल्होरे, बालकराम यादव,दीपक मोहबे,शिक्षकगण सुनील चौधरी सहित आदि कर्मचारी उपस्थित थे। नगर पालिका द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 9 नवंबर को नगरीय क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर गीत गायन समेत अन्य स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। स्वीप प्लान के के नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के.मेश्राम ने बताया कि विधानसभा चुनाव में 17 नवंबर को मतदान होना है। इसमें सभी वर्ग के मतदाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सतत अभियान चलाया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रमों के अलावा बैनर,पोस्टर, होर्डिंग्स एवं सारनी, पाथाखेड़ा एवं शोभापुर कॉलोनी में एलईडी स्क्रीन से जागरूकता संदेश दिए जा रहे है।

# चुनाव ड्यूटी में आए जवानों ने पुलिस के साथ किया फ्लैग मार्च



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शासन, प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। चुनाव में सुरक्षा के लिए एसएसबी टुकड़ी भेजी गई है ,जिसने आज पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च राजेंद्र नगर क्षेत्र में स्थित सीम राइज स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ मतदान केंद्रों के रूटों का निरीक्षण करते हुए पुलिस थाने पहुंचा।

# कांग्रेस प्रत्याशी ने कृषि मंडी में किया जनसंपर्क



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक निशंक जैन ने कृषि उपज मंडी में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों, किसानों और मंडी में काम करने वाले हम्माम मजदूरों से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कृषि उपज मंडी की सभी समस्याओं का निराकरण कराने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज़ माफी होगी पिछले दिनों किसानों पर दर्ज हुए मुकदमों को वापस लिए जाने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को 12 घंटे सिंचाई के लिए बिजली पांच हॉर्स पावर के पंप के लिए फ्री बिजली उपलब्ध कराने के लिए वचन पत्र में उल्लेख किया गया है।

# भाजपा प्रत्याशी शर्मा के लिए कार्यकर्ताओं ने वार्ड 17 में किया जनसंपर्क



**सिरोंज, देशबन्धु।** बुधवार को भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के लिए वार्ड 17 में भाजपा कार्यकर्ता ने जनसपंर्क किया। कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर शहर में हो रहे विकास कार्यों की निरंतरता के लिए भाजपा की सरकार बनाने के लिए मतदान करने की अपील की। भाजपा नेता रमेश यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने विकास की न सिर्फ रणनीति बनाई बल्कि धरातल पर साकार करके दिखाया भी है। इस दौरान प्रमुख रूप से हरिबाबू भार्गव,मंडल अध्यक्ष पारस तारण, मनमोहन साहू,मनोज साईंनाथ पार्षद हरिचरण अहिरवार, टीकाराम शाक्य,रिंकू यादव,कैलाश यादव,सीताराम कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय बेटियां:** भाजपा प्रत्याशी उमाकान्त शर्मा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की कमान भाजपा नेताओं के साथ पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के बेटियों ने दामादों के साथ संभाल रखी है। वह ग्रामीण क्षेत्र के गांव में घर घर जाकर अपने पिता लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा पूर्व में कराए गए विकास कार्यों के साथ उनके सपनों को पूरा करने में लगे चाचा उमाकान्त शर्मा को वोट देकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की अपील कर रही है।

### शर्मा प्रदेश कांग्रेस सचिव नियुक्त



**सिरोंज, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं मध्य प्रदेश महिला सेवा दल की अध्यक्ष राजकुमारी रघुवंशी विदिशा जिले के प्रभारी अमित शर्मा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश कटारे की अनुशंसा पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवध सुंदर शर्मा को प्रदेश कांग्रेस का सचिव नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर कार्यकताओं ने उनको बधाई दी।

*मतदान केन्द्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के दिए निर्देश*

# प्रेक्षक ने किया सिलवानी विधानसभा में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के संदर्भ में जिले के विधानसभा क्षेत्र 143-सिलवानी के सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार द्वारा बुधवार को सिलवानी विधानसभा के जमुनिया, उचेर, सियरमऊ सहित अनेक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार ने सिलवानी विधानसभा के जमुनिया उचेर में मतदान केन्द्र क्रमांक 153 तथा 154 का निरीक्षण करते हुए सुगम मतदान हेतु सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार द्वारा मतदान केन्द्र क्रमांक-220 का निरीक्षण किया गया। उन्होंने एसडीएम से राजनीतिक दलों तथा अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे चुनाव प्रचार संबंधी आयोजनों, टीआई से अपराधियों पर की जा रही कर्रवाई, आबकारी अमले द्वारा की जा रही कार्रवाई आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार ने सियरमऊ में शासकीय माध्यमिक शाला में बनाए गए मतदान केन्द्र क्रमांक 143 का निरीक्षण करते हुए मतदान केन्द्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया। मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए सामान्य प्रेक्षक ने पेजयल, शौचालय, रैम्प सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही नागरिकों से भी संवाद कर उन्हें विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान सिलवानी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी श्री सौरभ मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**स्वीप मैराथन का आयोजन:** विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशन में मतदाता जागरूकता चलाया जा रहा है। जिसमें जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में स्वीप प्लान के तहत बुधवार को रायसेन में मैराथन आयोजित की गई, जिसे स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह मैराथन प्रतियोगिता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए जिला खेल परिसर स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। मैराथन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को स्वीप कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु डॉ विजय सिंह रजिस्ट्रार रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय रायसेन द्वारा टी-शर्ट प्रदान की गई। मैराथन में मुस्कान लोधी ने प्रथम स्थान, शिखा ने द्वितीय स्थान एवं लक्ष्मी अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग में हर्षित रजक ने प्रथम स्थान, आदर्श वाल्मीकी ने द्वितीय स्थान एवं आलोक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जलज चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल राठौरिया, स्वीप अधिकारी विनोद सिंह बघेल, टीआई मनोज सिंह द्वारा वोट मेन मोमेंटो प्रदान किए गए।

# एक ओर हो रही नर्मदा की उपेक्षा तो दूसरी ओर नर्मदा में जोर-शोर से हो रहा प्रत्याशियों का प्रचार





**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** होशंगाबाद का नाम मां नर्मदा के नाम पर नर्मदापुरम जरूर हो गया हो, लेकिन नाम बदलने से भी न तो मां नर्मदा के प्रति लोगों का नजरिया बदला और न ही जनप्रतिनिधियों का। यदि नर्मदा के प्रसिद्ध सेठानी घाट की ही बात करें तो यहां शहर की गंदगी समेटे नाले का गंदा पानी नर्मदा के अमृतमय जल को विषाक्त कर रहा है। यहां पर लोग नर्मदा का आचमन करने से भी पीछे हटने लगे हैं। हर साल नर्मदा के लिए मिल रहे आश्वासनों के बाद अब शहर के लोग यह पूछने लगे हैं कि आखिर राजनीतिक रूप से नर्मदा की उपेक्षा कब तक होती रहेगी..? कांग्रेस हो, भाजपा हो या यहां से निर्दलीय प्रत्याशी हो नर्मदा के पावन तट से ही स्वयं का प्रचार प्रसार करने से पीछे नहीं रहे हैं। कई प्रत्याशियों ने सेठानी घाट पर पूजा कर अपनी चुनावी सभाएं शुरू की तो कई ने यहां से आशीर्वाद लेकर अपना नामांकन जमा किया है। ज्ञात रहे, यह तट लोगों के लिए आस्था का केंद्र भी है। इनसे लोगों की धार्मिक भावनाएं भी जुड़ी हुई हैं। शहर के मृदुल बताते हैं कि नेताओं के लिए नर्मदा सिर्फ वोट है, किसी ने भी विधानसभा क्षेत्र में नर्मदा को प्रदूषण मुक्त, पॉलिथीन मुक्त कर स्वच्छ करने पर अपने प्रचार में जोर नहीं दिया है। उन्होंने बताया कि तमाम प्रतिबंधों के बाद भी नर्मदा के कुछेक मीटर के दायरे में हो रहे निर्माण कार्यों पर भी कोई जनप्रतिनिधि बोलने को तैयार नहीं है। स्थानीय निवासी ऋषभ कहते हैं कि स्थानीय नेताओं को लगता है कि नर्मदा नदी में बहने वाली गंदगी कोई चुनावी मुद्दा नहीं हो सकता है। पर हकीकत यही है कि नर्मदा नदी के तटों पर बसे हुए शहरों के लोगों के लिए यह बहुत बड़ा मुद्दा है। ऋषभ बताते हैं कि उन्होंने लगातार नर्मदा में गंदगी को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि के सामने अपनी बात रखी है। लेकिन आज तक कभी भी इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

## श्रद्धालु भी स्वयं फैला रहे गंदगी

मां नर्मदा के पावन सेठानी घाट पर दर्शन के लिए आने वाले अधिकांश श्रद्धालु स्वयं नर्मदा में गंदगी फैला कर जा रहे हैं। तमाम आदेशों के बाद भी लोग पॉलिथीन का प्रयोग कर रहे हैं। प्रशानिक लापरवाही के कारण लोग नर्मदा तक पॉलिथीन लेकर पहुंच रहे हैं और नर्मदा जल में पॉलिथीन फेंक रहे हैं। हेमंत कुमार बताते हैं कि राजनीतिक उपेक्षा अलग है यहां तो अधिकांश श्रद्धालु भी मां नर्मदा को स्वच्छ करने की उपेक्षा कर रहे हैं। लोगों को यह समझना चाहिए कि नर्मदा हमारे साथ साथ आने वाली सैकड़ों पीढ़ियों की धरोहर भी है। नर्मदा में ही भविष्य का अस्तिस्व छिपा हुआ है। हमें उसकी एक एक बूंद सहेजनी चाहिए, स्वच्छ करनी चाहिए। इस संबंध में नगर पालिका नर्मदापुरम के सीएमओ नवनीत पाण्डे ने बताया कि नगर पालिका की तरफ से पॉलिथीन को रोकने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। जप्ती के कार्यक्रम भी चलाए हैं। फिर भी यदि ऐसी समस्याएं सामने आ रही हैं तो हम अभियान और तेज करेंगे।

## मां नर्मदा में नाव से प्रत्याशी का प्रचार

भारतीय जनता पार्टी मछुआरा प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को नर्मदापुरम में केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की नौका सभा आयोजित की गई। मां नर्मदा के तट बांद्राभान, विवेकानंद घाट, सेठानी घाट में क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया। बांद्राभान से लेकर सेठानी घाट तक नर्मदा में प्रत्याशी का जोर शोर से प्रचार किया गया।

## क्या है आदर्श आचरण संहिता=

09 अक?टूबर 2023 को जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें बताया गया था कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम घोषित किये जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी गई है। आदर्श आचरण संहिता राज्य शासन, राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के लिये लागू होगी। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया था कि सभी राजनैतिक दलों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करना होगा। उन्होने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई आदर्श आचरण संहिता के अनुसार निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही विधानसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता सम्पूर्ण जिले में लागू हो गयी है, जो की निर्वाचन संपन्न होने की तिथि 05 दिसंबर तक लागू रहेगी। निर्वाचन प्रक्रिया के सभी सहभागी इसके अधीन कार्य करेंगे एवं इससे सभी राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों को निर्वाचन लड़ने के समान अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठन भी अपने कार्यक्रमों में किसी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी के प्रचार नही करेंगे न ही किसी दल या अभ्यर्थी के पक्ष में अपील जारी करेंगे। निर्वाचन प्रचार अभियान को उच्च स्तर पर बनाये रखा जाना चाहिए। किसी भी व्यक्ति के निजी जीवन पर कोई आक्षेप नहीं लगाया जाना चाहिए। आदर्श आचरण संहिता की अपेक्षाएं हैं कि सम्पूर्ण निर्वाचन अभियान के दौरान राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों से नैतिकता एवं शुचिता के उच्चतम स्तर को बनाये रखा जाना चाहिए। चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप धार्मिक स्थलों के उपयोगों और मत हासिल करने के लिए जातिगत या सांप्रदायिक भावना की अपील करना, मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को धमकाने मतदान के दिन और अड़तालीस घंटे से पहले शराब परोसना या वितरित करना, मतदाताओं का प्रतिरूपण, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में प्रचार साइलेंस पीरियड के 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकों का आयोजन आदि निर्वाचन अपराध एवं भ्रष्ट आचरण के संबंध में विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक दल व्यक्तिगत आलोचना न करें। अंतिम 48 घंटों की अवधि में किसी भी सभा, रैली, जुलूस आदि का आयोजन न करें शासकीय एवं सार्वजानिक संपत्तियों का विरूपण न करें। मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में प्रचार ना करें। मतदाताओं को रिश्वत, उपहार या अन्य प्रलोभनों से अपने पक्ष में मतदान हेतु बाध्य न करें। जातीय, धार्मिक, साम्प्रदायिक आधार पर मतों की अपील न करें। धार्मिक स्थलों का दुरूपयोग न करें। निर्वाचन प्रचार अभियान में एमसीसी के प्रावधानों, विद्यमान कानूनों, आयोग के निर्देशों का उल्लंघन न करे।

## सार समाचार

### मां लक्ष्मी के आव्हान के लिये सजाई खूबसूरत रंगोली



**इटारसी,देशबन्धु।** साईं विद्या मंदिर स्कूल में बच्चों के तीन दिवसीय दीवाली उत्सव आयोजन के तहत आज कक्षा छठवीं सातवीं व आठवीं की छात्र व छात्राओं ने मां लक्ष्मी के आव्हान के लिये रंगोली प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा छठवीं सातवीं व आठवीं की छात्राओं ने सामान्य रंगोली, खूबसूरत अल्पना रंगोली व आकर्षक जल रंगोली बनाकर इस प्रतियोगिता में भाग लिया तो इन्हीं कक्षाओं के छात्रों ने भी इस प्रतियोगिता में बढ़चढ़कर भागीदारी की और बहुत ही आकर्षक फूल, आम के पत्तों व पंखुड़ियो की रंगोली तथा सुंदर रंगीन पेपर से रंगोली बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक शिक्षकों ने बच्चों का निरीक्षण कर उन्हें प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्रदान किये। कल तीन दिवसीय आयोजन के तहत बच्चों की मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### गोठी प्रदेश कांग्रेस में सचिव, दुबे बनाये गये उपाध्यक्ष



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में नगर के दो नेताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गये हैं। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने संगठन के प्रदेश सचिव पद पर संजय गोठी और पूर्व मंत्री विजय दुबे काकूभाई को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

इस अवसर पर श्री गोठी न प्रदेश सचिव मनोनयन पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। वे मध्यप्रदेश के लोगों की सेवा करने के लिए अपने आप को समर्पित रखेंगे और जनता की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अपने पार्टी के साथी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भी धन्यवाद किया।

### जीनियस प्लानेट स्कूल के विद्यार्थियों निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**इटारसी,देशबन्धु।** जीनियस प्लानेट स्कूल के विद्यार्थियों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा 17 नवंबर को होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता रैली ग्राम सोनासांवरी में निकाली गई जो साईं फार्च्यून सिटी कॉलोनी से होती हुई स्कूल परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यार्थी एवं शिक्षकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी और रैली के माध्यम से जागरूक किया कि मत हमारा अधिकार है, जिसका उपयोग मतदाता को आवश्यक रूप से करना चाहिए और सही सरकार का चुनाव कर देश और प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहिए।

# अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह सदस्य गिरफ्तार, सवा 2 लाख का गांजा जब्त



**इटारसी,देशबन्धु।** पथरोटा पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उससे करीब सवा दो लाख रुपए कीमत का 14 किलो 960 ग्राम गांजा जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार एसपी डॉ. गुरकरण सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र नर्मदापुरम तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस इटारसी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरोटा उप निरीक्षक संजीव पंवार एवं आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी के नेतृत्व में संयुक्त कार्यवाही जिला पुलिस बल नर्मदापुरम एवं आरपीएफ बल के साथ अवैध मादक पदार्थ गांजा जम करने में सफलता प्राप्त की है। कार्यवाही के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर 2,24,000 रुपए कीमत का 14 किलो 960 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। थाना पथरौटा में मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति लाल रंग की टी-शर्ट तथा ग्रे रंग का लोवर पहने है, जो जुझारपुर रेल्वे फाटक के पास देवी जी के मंदिर के बगल में बैठा हुआ है, उसके पास एक ग्रे रंग का बैग हैं जिसमें गांजा है। वह किसी व्यक्ति को देने फिराक में है। उक्त प्राप्त सूचना पर थाना पथरौटा पुलिस एवं आरपीएफ थाना इटारसी के स्टाफ के साथ अविलंब कार्यवाही करते एक व्यक्ति के कब्जे से कुल 14 किलो 960 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। कार्रवाई में आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी उप निरीक्षक संजीव पंवार थाना प्रभारी पथरोटा, एएसआई संजय जनौरिया आरपीएफ थाना इटारसी, सउनि अरविन्द गौतम आरपीएफ थाना इटारसी, सउनि कमान सिंह आरपीएफ थाना पिपरिया, आर. विनोद यादव आरपीएफ थाना पिपरिया, आरक्षक राकेश मीणा अशोक बारिबे, नरेन्द्र पवार, आर डेविड दीन सभी आरपीएफ थाना इटारसी, सउनि चन्द्रशेखर पाराशर थाना पथरौटा, प्रधान आरक्षक विजय सातनकर थाना पथरौटा, आरक्षक धीरज राठौर थाना पथरोटा, आरक्षक टीटू मर्सकोले थाना पथरोटा, कन्हैयालाल गौर की विशेष भूमिका रही है।

## इटारसी से होकर गुजरेगी अहमदाबाद-समस्तीपुर-अहमदाबाद के मध्य स्पेशल ट्रेन

**इटारसी, देशबन्धु।** त्योहार के दौरान अचानक बढ़ने वाली यात्रियों की संख्या को नियंत्रित करने रेलवे स्पेशल ट्रेन चलाएगा। ये ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर, कटनी और सतना से होकर गुजरेगी। रेलवे ने गाड़ी संख्या 09413/09414 अहमदाबाद-समस्तीपुर-अहमदाबाद के मध्य 04-04 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09413 अहमदाबाद से समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को 09 नवंबर 2023 से 30 नवंबर 2023 तक अहमदाबाद स्टेशन से दोपहर 15:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन शुक्रवार को इटारसी प्रातः 06:05 बजे, जबलपुर 09:30 बजे कटनी 11 बजे, सतना 12:45 बजे आकर समस्तीपुर स्टेशन तीसरे दिन शनिवार को भोर में 04 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09414 समस्तीपुर से अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को 11 नवंबर 2023 से 02 दिसंबर 2023 तक समस्तीपुर स्टेशन से प्रातः 08:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रविवार को मध्य रात्रि 00:15 बजे सतना स्टेशन, कटनी 02:20 बजे, जबलपुर 04 बजे, इटारसी 08:20 बजे आकर अहमदाबाद स्टेशन रात्रि 22:45 बजे पहुंचेगी।

# राजन ने जारी किया सारिका के लोकतंत्र पर्व के लोक संगीत को



- - कलेक्टर के मार्गदर्शन में सारिका की मतदाता जागरूकता गतिविधियां

**इटारसी, देशबन्धु।** दीपावली पर्व के बाद आने वाले प्रजातंत्र के महापर्व पर अधिकाधिक भागीदारी के लिये स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने वीडियो गीतों का नया संग्रह तैयार किया है। इन गीतों का विमोचन मुख्य निर्वावन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्वाचन सदन में किया।

इस अवसर पर सारिका ने बताया वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन के मार्गदर्शन में आयोजित स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मॉडल वीवीपेट, कंट्रोल यूनिट तथा बैलेट यूनिट का प्रदर्शन कर नवमतदाताओं को मतदान प्रक्रिया समझा रही हैं। इसके लिये गीतों, लोकसंगीत आदि रोचक माध्यमों का उपयोग कर रही हैं ।

सारिका ने नर्मदापुरम कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह के मार्गदर्शन मे चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम में अपील की है कि फर्ज निभाने की अभी से कर लीजिये तैयारी, 17 नवंबर को आ रही है आपके मतदान की बारी।

## पचमढ़ी में विधान सभा के चुनावी समर का जायजा लेने आए नीखरा



**पचमढ़ी, देशबन्धु।** पूर्व सांसद ने नगर में हुए स्वर्गवासी परिवारजनों के मुखियाओं से उनके निवास पर जाकर उन्हें शोक संवेदनाएं व्यक्त की तत्पश्चात होटल इंद्र प्रस्त में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों से वार्ता की पत्रकारों द्वारा सवाल किया कांग्रेस की सरकार आने पर व्यापम जैसे महा घोटाले की सरकार फाइल खोलेगी पूर्व सांसद ने बेबाकी से जवाब दिया । अवस्य पचमढ़ी में पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा ने अपने कार्यकाल में पचमढ़ी को दूरदर्शन के माध्यम से विश्व पटल पर रखने की बात भी दोहराई पचमढ़ी के विकास पर उन्होंने कहा हम सदैव पचमढ़ी के विकास के लिए तत्पर है। पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा के साथ पचमढ़ी मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शुक्ला, बाइस प्रेसिडेंट,पंकज जायसवाल,पूर्व बाइस प्रेसिडें मोहम्मद अनीस खान पार्षद गोपाल काबरा ,,सालुद्दीन सादाब, यूनिस अंसारी ,पार्षद हुजेफा बोहरा उपस्थित रहे।

## पचमढ़ी में शुरू की गई मैत्री फुटवाल प्रतियोगिता



**पचमढ़ी, देशबन्धु।** सी एम राइज विद्यालय पचमढ़ी में ओजस क्लब के तत्वाधान में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गई मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता जिसमें अंडर 11 आयु वर्ग में नर्मदा पुरम को संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 2 -1एक से पराजित कर पचमढ़ी विजेता बना, एवं अंडर 14 वर्ग में पचमढ़ी ने नर्मदा पुरम को 4 -0 से पराजित किया । नर्मदापुरम से मुकुल परमार द्वारा गोल किया गया एवं पचमढ़ी से ओम यादव, लक्ष्मण ,लक्ष्य, आयुष , व शिवम मवासी ने गोल किए ।कार्यक्रम में प्राचार्य मनीष गुप्ता ,रूप नारायण श्रीवास ,किशन लाल उईके, कमल सिंह ठाकुर , संतोष शुक्ला फुटबॉल प्रशिक्षक संतोष यादव ,सोहेल कुरेशी ,अरशद खान ,वीरेंद्र कहार, एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता च्सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दोज्, मताधिकार के उपयोग का सन्देश देने मेंअत्यंत सफल रही।

# मंडी में रहेगा दस दिन का अवकाश, बड़ी मात्रा में धान और मक्का की आवक





- हर रोज 35 से 40 क्विंटल तक आवक हो रही है
- कृषि मंडी परिसर में हो रही है ट्रॉलियों की भरमार

**इटारसी, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी परिसर में इन दिनों बड़ी संख्या में किसान धान और मक्का लेकर पहुंच रहे हैं। सारा दिन मंडी परिसर में ट्रालियों से किसान पहुंच रहे हैं। देर शाम तक मंडी में काम चल रहा है। धान के अलावा मक्का सबसे अधिक आ रहा है। जहां पहले मक्का तीन हजार ट्राली आता था, अब दस हजार तक आ रहा है। दीपावली पर्व को देखते हुए किसान अपनी फसल जल्द से जल्द बेचना चाहता है, यही कारण है कि मंडी परिसर में हर रोज 35 से 40 हजार क्विंटल की आवक हो रही है।

## दस दिन के लिए बंद हो जाएगी मंडी

कृषि उपज मंडी में दस दिन का अवकाश रहेगा। 10 नवंबर धनतेरस से मंडी बंद रहेगी और 19 नवंबर तक लगातार दस दिन तक यहां कारोबार नहीं होगा। इसके पीछे दीवाली पर्व के अलावा कर्मचारियों का चुनाव ड्यूटी में जाना बताया जा रहा है। सामने दीवाली पर्व और चुनाव के कारण मंडी दस दिन के लिए बंद हो जाने की खबर के बाद किसान जल्द से जल्द अपनी उपज बेचना चाहता है और यही कारण है कि यहां बड़ी संख्या में किसान ट्रॉलियों से अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं।

## धान और मक्का सबसे अधिक

मंडी में धान और मक्के की उपज सबसे अधिक लायी जा रही है। कृषि मंडी अधिकारियों के मुताबिक धान चार हजार और मक्का 21 सौ तक बिका है। मक्का और धान मिलाकर हर रोज 35 से 40 क्विंटल दोनों अनाज पहुंच रहा है। ऐसे में मंडी परिसर में नीलामी की भरपूर व्यवस्था की गई है। हालांकि अचानक आवक बढ़ने से कुछ परेशानियां भी आ रही हैं, लेकिन इतनी अधिक नहीं कि कोई असंतोष उपजे। मंडी का स्टाफ भी प्रयास कर रहा है कि जल्द से जल्द किसानों की उपज बिके और सभी दीवाली मना सकें।

## इनका कहना है....

मंडी में धान और मक्के की सबसे अधिक आवक है। आज 35 हजार क्विंटल से अधिक की आवक है। 10 नवंबर से दस दिन का अवकाश रहेगा, अतः प्रयास है कि अधिक से अधिक किसानों का अनाज खरीदा जाए, इसके लिए देर तक काम किया जा रहा है।

**केसी बामलिया**, प्रभारी सचिव

महू की सभा में बोले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू



**इंदौर, देशबन्धु।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू है, वह जहां जहां रहेगी भ्रष्टाचार होना ही है। श्री नड्डा ने यह आरोप इंदौर जिले के महू में भाजपा प्रत्याशी उषा ठाकुर के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां रहेगी वहां भ्रष्टाचार तो होना ही है। कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू हैं। दूसरी तरफ भाजपा का मतलब है आपकी तरक्की, आपका विकास, आपकी सरकार और आपके साथ प्रदेश को आगे बढ़ाना। इसलिए ये चुनाव सिर्फ उषा ठाकुर को विधायक बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये मध्यप्रदेश को आने वाले समय में और तेजी से आगे बढ़ाने का चुनाव है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने पहले पानी में पनडुब्बी का घोटाला किया। हवा में अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला और पाताल में कोयला घोटाला किया। इसके अलावा चावल घोटाला, चीनी घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम और मनरेगा घोटाला भी सामने आया था। श्री नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने घोटाले ही घोटाले किए। श्री नड्डा ने कहा कि 15 महीने की कांग्रेस की सरकार झूठ और छलावे की सरकार थी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस ने दस दिनों में किसानों की कर्ज माफी की बात कही थी, लेकिन कर्ज तो माफ नहीं हुआ, 11 लाख 97 हजार किसानों को डिफाल्टर बना दिया। श्री नड्डा ने कहा कि क्या ऐसे झूठ बोलने वाले, घोटाले करने वालों को सत्ता में आने देना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल में भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 2024 में अगर आप फिर श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे तो 2027 में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। श्री नड्डा ने कहा कि दवाइयों के क्षेत्र में भारत आज दुनिया को 168 प्रतिशत ज्यादा दवाई बेच रहा है। सबसे सस्ती दवाई और सबसे अच्छी दवाई आज भारत में ही बन रही हैं। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में हम नंबर तीन बन गए हैं। ये है भारतीय जनता पार्टी।

श्री नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने मध्यप्रदेश को विकास के रास्ते पर बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 2003 की तुलना में 10 गुना बढ़ गई है। प्रदेश का बजट 13 गुना बढ़ गया है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए निर्धारित बजट 57 गुना बढ़ गया है। प्रदेश में 34 नए रेलवे स्टेशन विकसित हो रहे हैं, हाईवे बन रहे हैं, इंदौर और भोपाल में मेट्रो के ट्रायल हो चुके हैं, ओवरब्रिज बन रहे हैं, वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं।

सुरेजवाला ने लगाया आरोप, केन्द्र और राज्य सरकार ने नहीं दी राशि

# बुर्जुगों-दिव्यांगों को 7 माह से नहीं मिली पेंशन



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शिवराज सरकार पर सामाजिक योजनाओं पर ताला लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार वृद्ध एवं निशक्तजनों का हक छीन रही है और पिछले 7 महीनों से उनकी पेंशन का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को बुजुर्गों और दिव्यांगों का श्राप लगेगा, तो भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी।

उन्होंने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2023 माह तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने इसमें एक भी पैसा खर्च नहीं किया है। श्री सुरजेवाला ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन , मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन, मानसिक रूप से अविकसित बहु विकलांग को आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के करीबन 5451018 हितग्राहियों को उनकी तकरीबन 7 माह से उनकी पेंशन की राशि 3270610800 नहीं दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में भी सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए 168146.53 राशि का प्रावधान किया गया था। यह पूरी राशि केन्द्र से प्राप्त होनी थी, जो कि नहीं मिली है। सुरजेवाला ने कहा कि आने वाले समय में हम दस्तावेजी प्रमाण के साथ एक बड़ा खुलासा करेंगे। जिसमें ऐसी ही लगभग डेढ़ सौ से अधिक विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की हकीकत बताई जाएगी।

# बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की दी जा रही सुविधा



**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को पहली बार घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में 29 हजार 104 वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही मतदान किया है।

इसके साथ ही निर्वाचन ड्यूटी में लगे 58 हजार 532 अधिकारियों-कर्मचारियों ने फैसिलेशन सेंटर और अत्यावश्यक ड्यूटी में शामिल 182 अधिकारियों-कर्मचारियों ने मतदान किया है। मतदान की प्रक्रिया अभी जारी है। यह सभी आंकड़े 7 नवंबर तक के है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने छिंदवाड़ा, बालाघाट व सिवनी जिले में कार्यकर्ता सम्मेलनों को किया संबोधित, कहा-

# भाजपा में बूथ कार्यकर्ता ही प्रत्याशी, वही चुनाव लड़ता है और जीतता है



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश का विकास भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। केद्र में जब तक कांग्रेस की सरकार थी, विकास में अड़ंगा लगाती रहती थी, छिंदवाड़ा के कमलनाथ भी केंद्र में वर्षों मंत्री रहे, लेकिन छिंदवाड़ा और मध्यप्रदेश के विकास में जिस तरह का सहयोग देना चाहिए था, कभी नहीं दिया। अब छिंदवाड़ा की जनता कमलनाथ से ही पूछ रही है कि विकास क्यों नहीं किया। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश के विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने छिंदवाड़ा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बुधवार को छिंदवाडा, कटंगी, लांजी में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सम्मलेन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बूथ के कार्यकताओं को बूथ विजयी का संकल्प दिलाया।

**इस बार कमलनाथ क्लीन बोल्ड होंगे-** श्री शर्मा ने छिंदवाडा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग छिंदवाडा को अपना गढ़ मानते है उन्हें मैं कहना चाहता हूँ कि अगर छिंदवाडा किसी का गढ़ है तो वह भाजपा सरकार की योजनाओं का गढ़ है। हर बूथ और हर घर तक भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनायें पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। भारतीय जनता पार्टी एक-एक बूथ पर चुनाव लड़ रही है। मैं इस बार का जो उत्साह और उमंग कार्यकर्ताओं व जनता जनार्दन में देख रहा हूँ, मुझे विश्वास है कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से मध्यप्रदेश और छिंदवाड़ा मे इस बार कमलनाथ क्लीन बोल्ड होंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं को छिंदवाडा की सातों विधानसभा सीट जीतने का संकल्प दिलाया। श्री शर्मा ने कहा कि मैं अभी प्रवास पर बूथ पर जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहा हूँ। कार्यकर्ताओं में जो उमंग, उत्साह और प्रोत्साहन दिख रहा है, वह अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जी ने बूथ जीतने का जो मन्त्र दिया है, उस मन्त्र को याद दिलाने के लिए आप के बीच आया हूँ, कि प्रत्येक बूथ पर हमें माइक्रो प्लानिग से चुनाव लड़ना है। अगर हमने बूथ पर चुनाव जीत लिया तो विधानसभा के चुनाव में हमारी विराट विजयी होगी।

# भाजपा को गुढ़ में मिल रही है कड़ी चुनौती

• रीवा से नरेंद्र कुमार मौर्य

**रीवा, देशबन्धु।** गुढ़ में भाजपा के वयोवृद्ध नेता नागेंद्र सिंह, 80 वर्ष की उम्र में फिर प्रत्याशी है। उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी कपिध्वज सिंह कड़ी टक्कर दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने युवा प्रखर प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है जो अमेरिका में बड़े पैकेज वाली नौकरी छोड़ चुनावी राजनीति में कूद पड़े हैं। यहां बसपा के राह नइखे प्रत्याशी है तो जमाने बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी लालमन त्रिपाठी के रूप में अपना प्रत्याशी उतारा है। उल्लेखनीय है कि 1990 में यहाँ से सीपीआई के विशंभरनाथ पांडेय विधायक चुने गये थे।

बदवार में एशिया का सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र और रीवा-सीधी के बीच सबसे बड़ी और खूबसूरत सुरंग बनाने के बावजूद भाजपा मुश्किल में हैं। दरअसल, कपिध्वज सिंह 2018 के चुनाव में वे सपा प्रत्याशी के रूप में दूसरे नंबर पर रहे थे जबकि कांग्रेस के सुंदरलाल तिवारी तीसरे स्थान पर खिसक गये थे। इस बार कांग्रेस ने कपिध्वज सिंह को अपना उम्मीदवार बना कर भाजपा को मुश्किल में डाल दिया है।

गुढ़ गांव के एक युवा रोहित सिंह ने कहा कि नागेंद्र सिंह को विकास पुरुष बताया जाता है लेकिन सच कुछ और है। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट में क्षेत्र के लोगों को रोज़गार नहीं मिला। जो उत्पादन होता है वह दिल्ली और दूसरे राज्यों को जाता है। इसी तरह रायपुर के पहाड़िया गांव में लगाये गए कचरा प्लांट से नौ मेगावाट रोज उत्पादन होता है, लेकिन उसका फायदा भी क्षेत्र को नहीं मिला। ट्रांसफार्मर खराब हो जाए और विधायक से कहो तो वे कहते हैं कि मैं लाइट नहीं बनाता। यह बिजली विभाग का काम हैं। मोहनिया टनल बनाया है सीधी जाने के लिए। गुढ़ के लोग रीवा जाते हैं। पहले आने-जाने का टोल 35 रुपये था जो लगभग तीन गुना बढ़कर 95 हो गया है।

रोहित ने यह भी बताया कि गुढ़ में फिल्टर प्लांट भी लगाया गया है, लेकिन उसमें नाले का पानी मिल जाता है और दूषित पानी की आपूर्ति की जाती है। हरदी ग्राम पंचायत में नीचे टंकी बना दी और बस्ती ऊपर बसी है। इससे वहाँ पानी नहीं चढ़ पाता। दूसरी तरफ वीरेंद्र यादव कहते हैं कि 15-16 हजार की आबादी वाले गांव में एक श्मशान घाट नहीं है। पहले जो जो घाट था वह जगह स्टेडियम के लिये दे दी गई। अब वहां अंतिम संस्कार नहीं करने देते, लकड़ियां फेंक देते हैं। निजी जमीनों के किनारे मुर्दे जलाए जा रहे हैं। इस बीच स्टेडियम की चारदीवारी गिर गई तो उसे भी नहीं बनवा पाए। इस स्टेडियम का काम दस साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

दीपू सिंह कहते हैं कि कपिध्वज सिंह को लोग भैया साब कहते हैं। पिछली बार वे हार गए थे, लेकिन इस बार जीतेंगे। उनके लिए तो ये एकतरफा चुनाव है। नसीम खान ने बताया कि आज हर आदमी बदलाव चाहता है। नागेंद्र सिंह जी की उमर हो गई है। अब उन्हें रिटायर हो जाना चाहिए। गोरगांव खजबा में लोगों ने बातचीत में रुचि नहीं दिखाई, लेकिन यहाँ कांग्रेस-भाजपा दोनों के समर्थक मिले। कुछ लोगों का आरोप था कि नागेंद्र सिंह ने काम नहीं किया। मार्केट रोड आज तक नहीं बना। उधर भाजपा समर्थकों का कहना है कि यहां बहुत काम हुआ है इसलिए नागेंद्र सिंह ही जीतेंगे।

दलित-आदिवासी बहुल गांव कौआडान और चंदिपुर में कोई बात करने को ही तैयार नहीं हुआ। वे पूछने लगते कि आप ही बता दो हम किसे वोट दें। बदवार गांव में लालमन त्रिपाठी का नाम सुनने को मिला। वे बड़ागांव के हैं और कुछ समय पहले हुए जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में विजयी हुए थे।

फूलचंद नाई ने बताया कि उस चुनाव में भी करोड़पति उम्मीदवार उनके सामने थे लेकिन उन्होंने अच्छे खासे वोटों से चुनाव जीता था। उनके पास महज एक बाइक है, उसी से पूरे इलाके का दौरा करते रहते हैं। हम आप जैसे किसी से भी वो पेट्रोल भरवा लेते हैं। वे हमेशा गरीब की लड़ाई लड़ते हैं।

मनीष पाठक ने बताया कि बदवार गांव में सभी को मिला जुला वोट जाएगा। नागेंद्र सिंह को लेकर लोगों में नाराज़गी है, लेकिन उन्होंने काम भी किये हैं। सडकें बनवा दीं, नहरें बिछा दीं। लेकिन उधर महंगाई और गरीबी भी भाजपा सरकार के कारण ही बढ़ी। भीटी गांव में जीडी पाठक नाम के बुजुर्ग लगातार बढ़ती महंगाई और भाईचारे को ख़त्म करने की साजिश से दुखी नज़र आए। सुरसामनि गांव में विश्वनाथ यादव भाजपा को पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें फिर भाजपा सरकार चाहिए। लोग मोदी को देख कर वोट दे रहे हैं।

उधर सायरा बानो नाम की महिला दुकानदार ने बताया कि उन्हें लाड़ली बहना योजना का पैसा मिल रहा है। अनाज भी मिलता है, मगर आवास का पैसा नहीं मिला। मुहम्मद शौकत कहते हैं कि लोग भले ही नाराज़ रहें, मगर वोट भाजपा को ही देते हैं। उनके अनुसार सरकार विकास का पैसा भेजती है, लेकिन उसे अधिकारी दबा लेते हैं और गांव को लाभ नहीं मिल पाता।

# त्योंथर में तगड़ी है बदलाव की बयार

**रीवा, देशबन्धु।** हम त्योंथर पहुँचने ही वाले थे कि ड्राइवर अब्दुल ने बताया कि देखो राहुल भैया जा रहे हैं। दो बड़ी गाड़ियाँ आगे निकल गई। हम उनके पीछे ही थे। त्यौंथर के कुछ पहले भगवानपुर दुअरा गांव में पता चला कि यहाँ कांग्रेस की विशाल जनसभा है जो वाकई हर लिहाज से विशाल ही थी। बहुत बड़ा खूबसूरत पंडाल, सुंदर द्वार, जहाँ अजय सिंह राहुल की मुस्कुराती हुई तस्वीर है। शानदार मंच और उसके सामने लोगों का हुजूम। जितने बैठे उससे ज़्यादा खड़े हुए। ख़ास बात ये कि इस सभा में पूरे विंध्य क्षेत्र के मतदाताओं में आने वाले बदलाव की झलक दिखाई दे रही थी।

शुरुआत में हर स्थानीय नेता के भाषण के बाद भाजपा के 20-25 नेता-कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए, उनके नाम बताए गए और अजय सिंह ने चुनाव चिन्ह वाला गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया और वहां मौजूद लोगों से भी नए सदस्यों का स्वागत करने को कहा। अजय सिंह राहुल के अलावा वहां कांग्रेस के दो और उम्मीदवार - रमाशंकर सिंह (त्योंथर) और राम गरीब कोल (सिरमौर) भी थे। सबसे दिलचस्प मौजूदगी अरुणा तिवारी की थी जो हाल ही में भाजपा में शामिल होकर प्रत्याशी बने सिद्धार्थ तिवारी की भाभी हैं। उन्होंने भाषण भी दिया।

सबसे दिलचस्प और सरल ढंग से राम गरीब कोल ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा - बहुत लोग बोलने वाले हैं, मैं चट्ट पट्ट करके अपनी बात खत्म करूंगा। उन्होंने बताया कि राहुल भैया ने कहा था कि भाजपा गरीब को टिकट नहीं देगी लेकिन कांग्रेस जमात में रामगरीब भी है। उन्होंने मुझे टिकट दिलवाई। जब टिकट मिल गई तब जो दावेदार थे, वे भी साथ आ गए। त्योंथर में भी ऐसा ही हुआ। उन्होंने आदिवासियों को आगाह किया कि वे गुमराह न हों। आदिवासियों ने भी हाथ उठा कर उन्हें भरोसा दिलाया। सभा में शामिल हुए लोग आसपास के गांवों से थे। वे उत्साह के साथ झूमते रहे और आपस में बतियाते भी रहे। लेकिन सभा और अपने नेताओं के प्रति उनका जुड़ाव साफ नज़र आ रहा था।

आगे भी हमने लोगों से बातचीत में भी बदलाव की बयार को महसूस किया। नजदीकी पंचामा गांव में तहसील और तमाम सरकारी दफ़्तर हैं। यहां डॉ. बीडी सिंह ने कहा कि कांग्रेस की संभावनाएं ज़्यादा हैं। दूसरे नंबर पर बसपा रहेगी। भाजपा तीसरे पर जा सकती है। इसका कारण है बढ़ती महंगाई और बेरोज़गारी। वे भाजपा से बहुत नाराज़ हैं। कहने लगे भाजपा फंसाने के लिए ईडी लगा देती है। जैसे बस वही दूध की धुली है। उसने राहुल गांधी को परेशान किया। अब आम आदमी पार्टी के नेताओं को परेशान कर रही है। वह समझ जाये कि जनता सब देख रही है। लेकिन विष्णुकांत कुशवाहा ने कहा कि भाजपा आगे है, वह जीत सकती है। उधर लालमन द्विवेदी बोले कि यहाँ त्रिकोणीय संघर्ष है। बसपा बहुत पीछे नहीं है।

त्योंथर में आशीष दुबे ने भाजपा के जीतने की बात कही। उन्होंने बताया यह रमाकांत तिवारी का क्षेत्र है। उनके पुत्र कौशलेष तिवारी टिकट के दावेदार थे। टिकट न मिलने से नाराज़ थे लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज और राजेंद्र शुक्ल ने उन्हें मना लिया। अब सिद्धार्थ तिवारी के लिए काम कर रहे हैं। मुख्य बाज़ार में अमर द्विवेदी ने त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना जतायी, लेकिन यह भी कहा कि जनता बदलाव चाहती है। महंगाई और बेरोजगारी इतने बड़े मुद्दे है कि बदलाव निश्चित है। उन्होंने तंज कसा मामा बहनन को देखत है, भैया का करी।

वार्ड नं. 4 के पप्पू अंसारी ने बताया कि वे बकरियां खरीदने का काम करते है इसलिए एक आदिवासी के पास गए थे। आदिवासी ने बातचीत में कहा था कि वो तो पंजे को ही वोट देगा। अंसारी के अलावा बशीर बख्श और संजय तिवारी ने भी कहा कि हम भी बदलाव चाहते हैं। वे बोले कि हमारे यहाँ जैसी गदंगी आपको कहीं नहीं मिलेगी, भ्रष्टाचार भी बहुत है। सड़क बनी नहीं कि महीने भर में ही उखड़ गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं है।

ट्रैक्टर ड्राईवर टीएस खान मे कहा कि पांच सौ लड़कियाँ नदी पार करके पढ़ने आती हैं। उन्हें प्राइवेट नाव से आना पड़ता है वो जब फुल हो जाती है, तभी चलती है। त्योंथर में महिला शौचालय नहीं है। गुरुवार-रविवार को बाज़ार लगता है। बहुत महिलाएं आती है। नगरपालिका ने कोई व्यवस्था नहीं की। सड़क के हाल क्या है, आप देख ही रहे है। इसलिए त्योंथर की जनता बदलाव चाहती है। वैसे बसपा ने भी यहाँ अपनी पकड़ बनाई है।

त्योंथर से चार किलोमीटर ही दूर सोहागी एक बड़ा गांव है। यहाँ चाय की दुकान पर भाजपा, कांग्रेस और बसपा, तीनों के चाहने वाले मिल गए। झिरिया की एक महिला, रानी ने बिना किसी संकोच के कहा कि वे मोदी की इतनी बड़ी भक्त हैं, कि उनके नाम की दो अगरबत्ती रोज़ जलाती हैं। वहाँ मौजूद एक युवा आशीष गुप्ता ने कहा कि बेरोजगारी बहुत हैं, नौकरी नहीं है। पटवारी भर्ती तक नहीं हो पाई। कितने घोटाले हो गए!

परमानंद तिवारी कहने लगे कि कांग्रेस-भाजपा में बराबर का मुकाबला है। लेकिन बसपा के देवेंद्र सिंह भाजपा को नुकसान पहुँचा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस सीट निकाल सकती है। राम प्रसाद ने भी कहा कि जनता बदलाव चाहती है। महंगाई बहुत है। जीना मुश्किल हो गया है। रामगणेश ने बताया कि भ्रष्टाचार के चलते उनकी बेटी की आँगनबाड़ी में नियुक्ति नहीं हो पाई। उसका सलेक्शन हो गया था मगर में बाद उसकी जगह किसी और को नौकरी दे दी गई। उसने पैसे देकर नौकरी खरीद ली। हम जांच की मांग कर रहे हैं, मगर कौन सुनता है ! आचार संहिता के दौरान उसको नियुक्ति दी गई।

सोहन लाल भी कहने लगे कि हमारे बच्चे पढ़ लिख गए, मगर नौकरी नहीं है। भाजपा ने सबको बेरोजगार कर दिया। हम चाहते हैं अब कोई और सरकार बने। लेकिन रमानिवास मिश्रा और सुरेंद्र प्रसाद शर्मा को भाजपा सरकार का विकास पसंद है। उन्होंने बताया कि सरकार ने कई अच्छी योजनाएं चलाई है। हर किसान और बहनों के अकाउंट में पैसा आ रहा है। बिजली मिल रही है। सड़क बन गई है। सरकार अनाज भी दे रही है।

चूड़ी दुकान चलाने वाली युवा लड़की दुर्गा साकेत कहती हैं कि सरकार महंगाई बहुत बढ़ा रही है, इसे कम करना चाहिए। बच्चियों को पढ़ाई में छूट देनी चाहिए। बिजली माफ़ हो और आवास में मदद मिले। उषा साकेत ने कहा कि पानी की बहुत दिक्कत है। बड़ी दूर से पानी लाना पडता है। इसलिए हम बदलाव चाहते हैं और भाजपा सरकार को हटाना चाहते हैं। देवी दयाल सिंह ने भी यही कहा कि जनता बदलाव चाहती है। भाजपा सरकार से सब ऊब गए हैं। मामा तो बन गए पर फर्ज नहीं निभा पाए। अब बहना लाड़ली हो गई, 18 साल कहाँ थे!

उन्होंने रामलखन सिंह को याद किया जो रमाशंकर सिंह के पिता हैं और जनता पार्टी से यहाँ के विधायक रहे। उन्हें अर्जुन सिंह ने बुलाया पर वे गए नहीं। उनके जमाने में ही सोहागी में हैंडपंप लगे थे जो आज भी काम कर रहे हैं। झिरिया, सोहागी पहाड़ पर एक दुकान के पास तखत पर कुछ लोग बैठे थे। हम बात करने पहुँचे तो पहले एक ने कहा के सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। वहां बैठे हरिशंकर मिश्रा बोले कि यहां भाजपा का ज़ोर है। यहाँ जाति के आधार पर चुनाव होता है। ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र है इसलिए भाजपा के जीतने की संभावना ज्यादा है। मुख्यमंत्री आये थे तो 25 हज़ार की भीड़ जुटी थी।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस प्रत्याशी रमाशंकर सिंह, भाजपा के सिद्धार्थ तिवारी और बसपा प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह के अलावा आम आदमी पार्टी से महर्षि सिंह गोलू, सपा से त्रिनेत्र शुक्ला और विंध्य विकास पार्टी से अरुण गौतम उम्मीदवार है। इनके अलावा कुछ निर्दलीय भी मैदान में हैं।

महुआ मामले का लोकपाल ने भी लिया संज्ञान

# लोकपाल ने दिए सीबाआई जांच के आदेश!

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पैसा लेकर लोकसभा में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। अभी आचार समिति मामले की जांच कर ही रहा था कि अब लोकपाल ने भी मामले में संज्ञान लेते सीबीआई जांच का आदेश दे दिया है। यह जानकारी शिकायतकर्ता भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दी है। दुबे ने दावा किया है कि पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में अब लोकपाल ने सीबीआई जांच का आदेश दिया है। उन्होंने ट्वीटकर कहाकि लोकपाल ने उनकी शिकायत पर आरोपी महुआ मोइत्रा पर राष्ट्रीय सुरक्षा को गिरवी रखकर भ्रष्टाचार करने के मामले में सीबीआई जांच का आदेश दे दिया है। बतादें कि हाल ही भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेकर अडानी समूह के मामले में टीएमसी सांसद मुहुआ मोइत्रा ने लोकसभा में कई सवाल पूछे थे। उन्होंने कहा है कि हीरानंदानी ने महुआ के सांसद वाले लॉगिन का इस्तेमाल कर विभिन्न स्थानों से अडानी समूह से जुड़े प्रश्न दर्ज किए थे। इस मामले में लोकसभा की आचा समिति जांच कर रही है। सभी पक्षों को समन कर पूछताछ की जा चुकी है। अब 9 नवम्बर को समिति के सदस्य बैठक कर मामले में जरूरी कार्रवाई की सिफारिश कर सकते हैं।

## महुआ बोलीं, नई जांच जोक पाल से कम नहीं

निशिकांत दुबे की पोस्ट के 40 मिनट बाद महुआ ने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा- सीबीआई पहले 13 हजार करोड़ रुपए के कोयला घोटाले में अडानी पर एफआईआर करे। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा यह है कि कैसे संदिग्ध एफपीआई स्वामित्व वाली (चीनी और संयुक्त अरब अमीरात सहित) अडानी की कंपनियां गृह मंत्रालय से क्लियरेंस के बाद पोर्ट-एयरपोर्ट खरीद रही हैं। महुआ ने लिखा पहले सीबीआई मेरे इन दो सवालों का जवाब दे। इसके बाद वह मेरे घर आए और मेरे जूते गिन ले। क्या लोकपाल को सिर्फ मेरे केस के लिए जिंदा किया गया है। गंभीर सवाल यह है कि कितने पत्रकारों को यह भी पता था कि मोदी के भारत में एक लोकपाल भी काम कर रहा है? इस केस में नई जांच जोक पाल से कम नहीं है। यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मोदीजी का लोकपाल अस्तित्व में है। कुछ चुनिंदा लोगों को इसके बारे में जानकारी कैसे मिली। लोकपाल ऑफिस ने बयान जारी क्यों नहीं किया?






पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।